हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 19.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 231 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## नवीन जायसवाल की बेटी के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे सीएम, दी शुभकामनाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हेमन्त सोरेन ने रांची में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शिरकत की। वे अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ हटिया विधायक नवीन जायसवाल के दीपाटोली, कटहल मोड़ स्थित आवास पहुंचे।

मुख्यमंत्री वहां विधायक नवीन जायसवाल की पुत्री माही जायसवाल के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवदंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई दी। विधायक कल्पना सोरेन ने भी नवविवाहित जोड़े को मंगलकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधायक नवीन जायसवाल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर प्रसन्नता व्यक्त की।

### मुख्यमंत्री ने स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य को भेंट की झारखंड राइजिंग पुस्तक, कहा-

## शिष्टाचार का उदाहरण पेश करती है ये किताब



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधान सभा अध्यक्ष को राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित "झारखंड राइजिंगः ए ग्लोबल स्टोरी" पुस्तक तथा कॉफी टेबल बुक सप्रेम भेंट की। "झारखंड राइजिंगः ए ग्लोबल स्टोरी" पुस्तक में राज्य सरकार की ओर से विगत जनवरी माह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्य प्रतिनिधिमंडल के दावोस एवं यूनाइटेड किंगडम (लंदन) दौरे का विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित है तथा कॉफी टेबल बुक में राज्य सरकार द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी समाहित की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को "झारखंड राइजिंगः ए ग्लोबल स्टोरी" पुस्तक एवं कॉफी टेबल बुक सप्रेम भेंट की।

## बिहार विधान परिषद समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति की ओर से किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि उन्होंने झारखंड विधानसभा परिभ्रमण के अवसर पर झारखंड विधानसभा की महिला बाल विकास समिति की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा एक-दूसरे के कार्यों के अनुभव भी साझा किए। मौके पर झारखंड विधानसभा की महिला बाल विकास समिति की सभापति विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं।

### बजट सत्र अंतिम दिन : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, कहा-

# पहले 86000 करोड़ बजट था आज 1 लाख 58 हजार करोड़ का है बजट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से रखते हुए राज्य के विकास का रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि झारखंड हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार अपने वादों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।




- वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड ने बड़ी छलांग लगाई है और राज्य 13वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।
- हम जो कहते हैं, वो करते हैं और यही सरकार की कार्यशैली है।
- 50 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है

सीएम ने दावा किया कि वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड ने बड़ी छलांग लगाई है और राज्य 13वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, 'हम जो कहते हैं, वो करते हैं' और यही सरकार की कार्यशैली है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले जहां 12 से 13 लाख लोगों को पेंशन मिलती थी, अब यह संख्या बढ़कर 36 लाख हो गई है। परित्यक्ता महिलाओं को भी पेंशन देने की व्यवस्था की गई है, जो सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि 50 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है और बजट में सबसे अधिक राशि इसी योजना के लिए निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली भी बन रही हैं।

हेमन्त ने कहा कि आने वाले समय में और बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। मइया सम्मान योजना को उन्होंने मील का पत्थर बताया और इसके तहत आगे 'जोहार परियोजना', 'मंईयां बलवान योजना' और 'मइया उद्यमी योजना' शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार यहीं नहीं रुकेगी, बल्कि महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए लगातार नए कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में हजारों छात्र आवेदन कर रहे हैं और इसी पहल के तहत 40 छात्र इंजीनियरिंग के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस थे, अब 100 और नए स्कूल खोले जाएंगे। शिक्षा के लिए कुल बजट का 12 प्रतिशत, यानी 18,800 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहली बार दावोस गई, जहां राज्य को निवेश के नए अवसर मिले। उन्होंने विश्वास जताया कि सही नीतियों के कारण सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और आने वाले समय में झारखंड विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। जिन लोगों ने सपने देखना छोड़ दिया था, वे अब फिर से उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि झारखंड न रुका है, न झुका है, बल्कि लगातार आगे बढ़ रहा है।

## राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता, जनसेवा सदन के बाहर भी जारी रहती है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा के 59 सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि राजनीति में कभी 'पूर्ण विराम' नहीं होता और जनसेवा का कार्य सदन के बाहर भी निरंतर जारी रहता है। उन्होंने कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि एक 'ओपन यूनिवर्सिटी' है, जहां हर सदस्य को सीखने, विचार साझा करने और खुद को विकसित करने का अवसर मिलता है। राज्यसभा में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन में विभिन्न विषयों पर होने वाली चर्चाओं में हर सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि कार्यकाल के दौरान खट्टे-मीठे अनुभव भी सामने आते हैं, लेकिन विदाई के समय सभी दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर एक समान भावना व्यक्त करते हैं।




प्रधानमंत्री ने कहा कि विदाई ले रहे कुछ सदस्य भविष्य में फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ अपने अनुभवों के आधार पर सामाजिक जीवन में नए योगदान की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, जो सदस्य जा रहे हैं, उन्हें मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में कोई फुल स्टॉप नहीं होता है। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है और आपका अनुभव राष्ट्र जीवन में हमेशा उपयोगी रहेगा।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने एचडी देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार आदि वरिष्ठ नेताओं के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे संसदीय अनुभव वाले नेताओं से नई पीढ़ी को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संसदीय कार्यप्रणाली को समर्पित किया है और उनका अनुभव लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की सराहना करते हुए उन्हें मृदुभाषी और कुशल संचालक बताया।

उन्होंने कहा कि सदन को सुचारु रूप से चलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हरिवंश सदन के बाहर भी युवाओं के बीच सक्रिय रहते हैं और उन्हें देश की परिस्थितियों से अवगत कराने का कार्य करते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने रामदास अठावले के हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक अंदाज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में 24७7 मीडिया के कारण सदन में हास्य-विनोद के अवसर कम हो गए हैं, लेकिन अठावले अपने अंदाज से वातावरण को सहज बनाए रखते हैं और लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं।

### एक नजर

## असम से कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल

**गुवाहाटी/नयी दिल्ली :** असम के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद वह औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। इसके साथ ही असम विधानसभा चुनाव 2026 के ऐन मौके पर कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया की मौजूदगी में औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा, भाजपा सांसद प्रदान बरुवा, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा आदि मौजूद थे। यह स्थिति असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के भाजपा में शामिल होने के एक महीने से भी कम समय के अंदर उत्पन्न हुई है। इससे चुनावों से पहले कांग्रेस के नेतृत्व आधार में लगातार हो रही कमी को लेकर पार्टी के भीतर चिंताएं और बढ़ गई हैं। बोरदोलोई के जाने से, कांग्रेस ने अब असम से अपने तीन मौजूदा सांसदों में से एक को खो दिया है। ऐसे अहम समय पर पार्टी की संसदीय मौजूदगी कमजोर हुई है, जब सभी पार्टियां पूरे राज्य में अपने चुनावी अभियान तेज कर रही हैं।

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, क्षेत्र में शांति और होर्मुज पर चर्चा हुई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ईद के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। हाल के घटनाक्रमों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पीएम मोदी ने कहा, हमने पश्चिम एशिया में बदली स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। हमने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा को दोहराया। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क जरूरी है।



## रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन 40 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी हालिया तनाव और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में साफ किया देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी की भारी वृद्धि की गई है।




मंत्रालय ने अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए आश्वस्त किया है कि किसी भी खुदरा आउटलेट या डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर गैस की कोई कमी नहीं है और घरेलू पीएनजी और परिवहन सीएनजी उपभोक्ताओं को 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज में फिलहाल 22 जहाज और 600 से अधिक नाविक विभिन्न जहाजों पर फंसे हैं। वे सभी फिलहाल सुरक्षित हैं। वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शुरूआत में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री में जो कटौती की गई थी, उसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है।

## दिल्ली के रामचौक मार्केट में आग से नौ लोगों की मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं।

पुलिस के अनुसार मृतकों में दो पुरुष प्रवेश तथा कमल और चार महिलाएं आशु, लाडो, हिमांशी तथा दीपिका हैं। मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां भी हैं जिनकी आयु 15 वर्ष, 6 वर्ष और 3 वर्ष है। सफदरजंग अस्पताल में 19 वर्षीय युवक को भर्ती कराया गया है, जो 25 प्रतिशत झुलस गया है।

### इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से 8 लोगों की मौत

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार में शॉर्ट सर्किट से आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था, इसलिए किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे हालात और भयावह हो गए। वहीं, बिजली गुल होने से डिजिटल लॉकिंग सिस्टम बंद हो गया। कई लोग घर के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब चार बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली।

## विस में मनरेगा को यथावत रखने का संकल्प पारित, 150 दिन रोजगार की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को मनरेगा को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई। साथ ही मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया।

सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, 5 जनवरी-2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गईं।

## एक नजर

### डॉ एस. जेड, हक बने मानविकी संकाय के डीन

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के आदेश से उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ एस जेड हक को मानविकी संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बुधवार, 18 मार्च की तारीख से जारी विभावि अधिसूचना संख्या 437/26 के अनुसार डॉ हक का कार्यकाल तत्काल प्रभाव से दो वर्ष का होगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के पत्रांक 11/2025-304 तथा दिनांक 3 फरवरी 2026 के आलोक में पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो मिथिलेश कुमार सिंह को निर्देश दिया गया है वह संकायाध्यक्ष का प्रभाव तत्काल डॉ एस जेड हक को हस्तांतरित करें।

### दो गाड़ियों की भिड़ंत, चालक घायल

**चौपारण** : झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित चोरदाहा पुल के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। दिल्ली से कोलकाता की ओर जा रही एक कैंटर ने दूसरी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कैंटर के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कैंटर (नंबर एचआर 47ई 3445) का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मुक्ति साहब खान के पैर बुरी तरह जख्मी हो गए और वह वाहन के केबिन में ही फंस गए।चीख-पुकार सुनकर आसपास के स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना और बाराचट्टी थाना की पुलिस सक्रिय हो गई।

### बड़कागांव भ्रमण पर निकले थाना प्रभारी

**बड़कागांव** : बड़कागांव की रामनवमी पूरे झारखंड में सबसे अधिक संवेदनशील मानी जाती है। जिसे लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने रामनवमी से संबंधित महुदी, चौपदार बलिया, मोहगाई कला ,बादम व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का गांव का दौरा किया। एवं वहा के मुद्दे ,समस्याएं को विशेष रूप से जानने का प्रयास किया, इस दौरान थाना प्रभारी ने चर्चित महुदी गांव का भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर पूछताछ एवं गांव की वस्तु स्थिति से अवगत हुए।

# सदर विधायक ने विधानसभा में उठाया बिजली कटौती एवं मंगला जुलूस में डीजे प्रतिबंध का मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में पर्व-त्योहारों के दौरान हजारीबाग में हो रही भारी बिजली कटौती का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पर्व-त्योहारों का समय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और आस्था से जुड़ा होता है, लेकिन ऐसे समय में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल त्योहारों की रौनक प्रभावित हो रही है, बल्कि व्यापारियों, छोटे दुकानदारों एवं आम नागरिकों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर क्यों हर वर्ष त्योहारों के दौरान ही बिजली आपूर्ति की स्थिति बदतर हो जाती है और इसके समाधान के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।

प्रदीप प्रसाद ने सरकार से मांग की कि:

हजारीबाग में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए,

पर्व-त्योहारों के दौरान विशेष व्यवस्था कर बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए,

विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा में हजारीबाग में मंगला जुलूस पर लगाए गए प्रतिबंध एवं माननीय हाईकोर्ट के आदेश की कथित अनदेखी का मुद्दा गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह न केवल प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है, बल्कि आम नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड जैसे लोकतांत्रिक राज्य में यदि परंपरागत और शांतिपूर्ण धार्मिक आयोजनों पर इस प्रकार रोक लगाई जाती है, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब झारखंड में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो गया है?

उन्होंने विशेष रूप से यह भी जानना चाहा कि आखिर ऐसी स्थिति केवल हजारीबाग में ही क्यों उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए धार्मिक आयोजनों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए और कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए लोगों को अपने त्योहार मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करे।

इसके साथ ही हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने आज विधानसभा में हजारीबाग में मंगला जुलूस पर लगाए गए प्रतिबंध एवं माननीय हाईकोर्ट के आदेश की कथित अनदेखी का मुद्दा गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह न केवल प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है, बल्कि आम नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड जैसे लोकतांत्रिक राज्य में यदि परंपरागत और शांतिपूर्ण धार्मिक आयोजनों पर इस प्रकार रोक लगाई जाती है, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि ह्क्या अब झारखंड में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो गया है?

उन्होंने विशेष रूप से यह भी जानना चाहा कि आखिर ऐसी स्थिति केवल हजारीबाग में ही क्यों उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए धार्मिक आयोजनों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए और कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए लोगों को अपने त्योहार मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करे।

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वे हजारीबाग की जनता की भावनाओं और अधिकारों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करते रहेंगे।

## विधायक ने उठाया पीडीएस दुकानदारों की समस्याओं का मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकट्ठा** : बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि पीडीएस हमारे राज्य की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है, लेकिन इस व्यवस्था को संचालित करने वाले दुकानदार आज भी अल्प कमीशन और मानदेय के अभाव में आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

विधायक ने सदन में सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए पीडीएस दुकानदारों के कमीशन में वृद्धि की मांग की, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और वे बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने उरउ सीएससी एवं डीपीएस के माध्यम से मिलने वाले लाभों को लेकर भी स्पष्ट नीति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, जिससे प्रत्येक दुकानदार को उसका उचित अधिकार मिल सके।

अमित कुमार यादव ने कहा कि यदि पीडीएस दुकानदारों को उचित सुविधा और समर्थन मिलेगा, तो इससे न केवल उनकी स्थिति बेहतर होगी, बल्कि आम जनता तक खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया भी अधिक सुचारु और पारदर्शी बन सकेगी।

उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि जन वितरण प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जा सके।

## 4 अप्रैल को ऐतिहासिक होगा झामुमो का स्थापना दिवस, चौपारण बैठक में बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण में झामुमो की अहम बैठक, स्थापना दिवस पर हजारों कार्यकताओं की भागीदारी का लक्ष्य**



**चौपारण** : प्रखंड में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रखंड कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष उज्वल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अल्पसंख्यक मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम की विशेष उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति तय करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष उज्वल कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 4 अप्रैल को हजारीबाग स्थित जिला स्कूल मैदान में झामुमो का 47वां स्थापना दिवस भव्य, ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जनसमूह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड से हजारों कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान अल्पसंख्यक मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम ने अपने संबोधन में कहा कि झामुमो एक ऐसी पार्टी है जो समाज के हर वर्ग, विशेषकर अल्पसंख्यकों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे आपसी एकजुटता बनाए रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। बैठक में नए सदस्यों को जोड़ने तथा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। अब्दुल सलाम ने जानकारी दी कि स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन सहित कई मंत्री एवं वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसे लेकर सभी कार्यकताओं को जिम्मेदारीपूर्वक तैयारी में जुटने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित नेताओं ने संगठन में अनुशासन, एकजुटता और सक्रियता पर जोर दिया।

# बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर विधानसभा में विधायक मनोज यादव ने उठाया सवाल, शीघ्र पूरा करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**एनएच-31 चौड़ीकरण से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बनी अड़चन, शिफ्टिंग के बाद एक माह में शुरू होगा योजना का परीक्षण कार्य**

**बरही** : हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड में वर्षों से लंबित ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मुद्दा विधानसभा सत्र में गूंजा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने गैर सरकारी संकल्प के तहत इस योजना की धीमी प्रगति और ग्रामीणों को अब तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक मनोज यादव ने सदन में कहा कि तिलैया जलाशय से बरही के ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना कई वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इस पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि बरही ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के तहत शेष बचे कार्यों का क्रियान्वयन लगातार किया जा रहा है और वर्तमान में योजना प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आरडब्ल्यूआरएम और सीडब्ल्यूआरएम पाइपलाइन बिछाने का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (एनएच-31) के चौड़ीकरण के दौरान बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण योजना का परीक्षण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। फिलहाल एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग द्वारा एनएचएआई, हजारीबाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया गया है। परियोजना निदेशक, एनएचएआई ने आश्वासन दिया है कि मार्च 2026 तक पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद एक माह के भीतर विभाग द्वारा योजना का परीक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस जवाब के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि वर्षों से लंबित इस योजना के पूरा होने से बरही प्रखंड के हजारों ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही के चारो मुख्य मार्गों में प्रतिदिन लगने वाले जाम और सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बरही प्रशासन ने बुधवार को कार्रवाई की है। बरही बीडीओ, अंचल पदाधिकारी एवं बरही पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। इससे ठेला एवं सब्जी दुकानदारों समेत अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बुधवार को बरही प्रखंड पदाधिकारी जयपाल महतो के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। प्रशासन की टीम ने बुलडोजर की सहायता से सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों हटवाया, इस दौरान कई गुमटी को भी बुलडोजर की सहायता से क्षतिग्रत कर दिया गया, जबकि कार्रवाई होते देख कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटाया। दरअसल, बरही की सड़कों पर अतिक्रमण के कारण अक्सर लंबा जाम लग रहा था। सड़क के दोनों और ठेला, व अस्थायी दुकानों के कारण बाधित रहता था, जिससे राजगीरों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती थी। उम्मीद है कि अब लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मौके पर राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक एवं पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी समेत दर्जनों प्रखंड एवं अंचल के कर्मी मौजूद थे।

# हजारीबाग के 'ब्लड मैन' निर्मल जैन ने 100 रक्तदान की पूरी की ऐतिहासिक सेंचुरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**45 सालों से कर रहें हैं रक्तदान, कई को दी नई जिंदगी...**




**हजारीबाग** : जब कोई व्यक्ति 45 साल पीछे मुड़कर देखता है, तो अक्सर यादें धुंधली हो जाती हैं। लेकिन हजारीबाग के लिए गर्व का पर्याय बन चुके एक 'ब्लड मैन' की स्मृतियाँ आज भी उतनी ही जीवंत हैं, जैसे यह कल की ही बात हो। हजारीबाग के इस 'ब्लड मैन' का नाम है निर्मल जैन। 18 मार्च 2026 यानी बुधवार को दोपहर 1:00 बजे जब उन्होंने अपने जीवन का 100वां स्वैच्छिक रक्तदान पूरा किया, तो यह महज एक संख्या का रिकॉर्ड नहीं बना बल्कि उनके सेवा, समर्पण और उस दृढ़ संकल्प की 'सेंचुरी' थी, जिसने झारखंड ही नहीं, देश भर में लाखों लोगों को जीवनदान दिया है।

रक्तदान की ऐतिहासिक सेंचुरी पूरा करने वाले निर्मल जैन ने रक्तदान को महादान मानकर इसे सिर्फ दैनिक जीवन का हिस्सा नहीं बल्कि जीवन का सर्वोच्च मिशन बन गया। खुद तो रक्तदान करते ही हैं वे दूसरों को भी रक्तदान को प्रेरित करते हैं।

निर्मल जैन के अनुसार उनके इस अकल्पनीय सेवा यात्रा का अंकुरण 45 साल पहले एक साधारण सी घटना से हुआ। एक पैथोलॉजी के बाहर खड़े 15-16 लोगों की भीड़ देखकर,

जब उन्होंने उत्सुकतावश पूछा कि क्या बात है, तो जवाब मिला कि एक महिला को तत्काल रक्त की आवश्यकता है। यह भीड़ उसी के लिए खड़ी थी, लेकिन जब उन्होंने उन लोगों से पूछा कि वे स्वयं रक्तदान क्यों नहीं कर रहे, तो जवाब हैरान करने वाला था कि हम कमजोर हो जाएंगे। समाज में फैली इस अज्ञानता और मिथक ने उनके हृदय को झकझोर दिया। उस पल उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के उस अजनबी महिला के लिए अपना पहला रक्तदान किया। वह केवल एक इकाई रक्त नहीं था, वह मानवता के प्रति एक अटूट प्रतिज्ञा थी, जिसने एक युवा मन को 'रक्तवीर' में बदल दिया।

उस दिन के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। न केवल उन्होंने स्वयं को रक्तदान के लिए समर्पित किया, बल्कि उनके मन में लोगों को इस जीवनदायी कार्य के प्रति जागरूक करने की तीव्र ज्वाला जाग उठी। तब से लेकर आज तक उन्होंने 2000 से अधिक रक्तदान शिविरों के आयोजन और सहभागिता में मुख्य भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि लाखों लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका। उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा प्रमाण उनका थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के प्रति अभिभावक स्वरूप प्रेम है। मात्र 10 बच्चों से शुरू होकर आज वे 300 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ितों को रक्त उपलब्ध कराने में एक 'कवच' की भूमिका निभा रहे हैं। न केवल रक्त, बल्कि अनेक बच्चों को इस बीमारी से स्थायी निजात दिलाने हेतु बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराने में भी उन्होंने सक्रिय मदद की।

यह अथक सेवा यात्रा अनदेखी नहीं रही। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें झारखंड के राज्यपाल, विभिन्न स्वास्थ्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और अनेक सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है। सरकारी स्तर पर उनकी पहचान इतनी सुदृढ़ है कि झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के 7-सदस्यीय ब्लड बैंक संचालन पैनल में उन्हें चयनित किया गया। आज गूगल पर 'ब्लड मेन' सर्च करने से भारत के प्रमुख ब्लड बैंक की सूची में उनका नाम आता है। यह न केवल निर्मल जैन के कद को दशार्ता है, बल्कि हजारीबाग के लिए एक गर्व का विषय है।

वर्तमान में निर्मल जैन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी में ब्लड बैंक प्रभारी और रोटरी क्लब व जैन महिला मिलन के मोतियाबिंद कैंपों में 20 वर्षों का सक्रिय योगदान, उनकी सेवा की विविधता को दशार्ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अदाणी फाउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों को प्रदान किया पोषण किट




**बड़कागांव** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों के लिए पोषण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 80 मरीजों को निशुल्क पोषण किट प्रदान किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष पोषण किट उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिथु हलधर ने मरीजों को संबोधित करते हुए टीबी उपचार में संतुलित आहार के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने दवा के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों और नियमित इलाज के महत्व पर भी जोर दिया।सीएसआर टीम ने पूरे कार्यक्रम का समन्वय करते हुए किट वितरण को सुचारु रूप से संपन्न कराया। साथ ही मरीजों को पोषण किट के लाभों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें उपचार के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### मंगला जुलूस एवं झांकी निकालने को लेकर अखाड़ा चौक बजरंग दल ने की बैठक



**विष्णुगढ़** : प्रखंड के महंत अखाड़ा चौक स्थित बंशीधर मंदिर परिसर में रामनवमी में मंगला जुलूस निकालने एवं झांकी निकालने को लेकर बजरंग दल अखाड़ा चौक द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राहुल कुमार द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से शांति एवं सौहार्दयपूर्ण माहौल में रामनवमी पूजन को संपन्न कराने एवं झांकी निकालने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।विचार-विमर्श के बाद नई बजरंग दल अखाड़ा चौक रामनवमी समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार बरनवाल, उपाध्यक्ष लखन प्रसाद तथा गौतम भारती, सचिव विकास कुमार बरनवाल उर्फ विक्की, सह-सचिव आकाश लाल तथा गौरी शंकर (बंटी), कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी भास्कर दुबे को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।जिसमें उत्सव बरनवाल, विशाल साव, अनुराग भारती, रोनित कुमार, दीपक वर्मा, बिनु वर्मा, उदित वर्मा, सुमन साहू, विकास साहू, महेंद्र राम, सुधांसु कुमार, अमन साहू, विष्णु कुमार, विष्णु भगत, अमित कुमार को चुना गया। मौके पर कुंदन कुमार मिश्रा, बिनोद बरनवाल, राहुल कुमार, पवन कुमार, विष्णु कुमार, अनुराग भारती, उत्सव कुमार, विक्की कुमार, आकाश लाल, शुभम कुमार, सुधांशु कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त को प्रतिनिधिमंडल ने खरकट्टो विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर मांग पत्र सौंपा



**विष्णुगढ़** : झामुमो के केंद्रीय सदस्य, युवा प्रकोष्ठ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष गौरव पटेल के नेतृत्व में 18 मार्च 2026 बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग जिला उपायुक्त से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष फलजीत ठाकुर एवं पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम खरखटो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं से जिला उपायुक्त को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक लगभग 200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि वहां केवल एक सरकारी शिक्षक एवं दो सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन विशेषकर उच्च कक्षाओं में विज्ञान एवं गणित विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय में प्रधानाध्यापक कक्ष का अभाव है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है। विद्यालय परिसर में चारदीवारी नहीं होने के कारण बच्चों की सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से शीघ्र मांग की है। उपायुक्त हजारीबाग ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

### विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव व पतरातू को अनुमंडल बनाने का किया मांग



**बड़कागांव** : झारखंड विधानसभा में बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से हजारीबाग जिले के बड़कागांव,केरेडारी एवं रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड को पृथक अनुमंडल (सब-डिवीजन) के रूप में अधिसूचित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र प्रशासनिक, भौगोलिक और जनसंख्या की दृष्टि से अनुमंडल गठन की सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करते हैं। संकल्प में बताया गया कि बड़कागांव प्रखंड में 23 पंचायत और लगभग 1.50 लाख की आबादी है, जबकि केरेडारी प्रखंड में 16 पंचायतों के साथ करीब 90 हजार की जनसंख्या निवास करती है। वहीं रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में 46 पंचायत और लगभग 2.30 लाख की आबादी है, जो औद्योगिक, शैक्षणिक और पर्यटन दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। विधायक रोशन लाल चौधरी ने यह भी उल्लेख किया कि बड़कागांव एवं पतरातू दोनों स्थानों पर पहले से ही पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय संचालित है, जो इन क्षेत्रों की प्रशासनिक महत्ता को दशार्ता है। इसके बावजूद एसडीओ कार्यालय का अभाव आम जनता के लिए कठिनाई का कारण बना हुआ है।

## एक नजर

### झारखंड में 20 मार्च को ओलावृष्टि व वज्रपात का अलर्ट

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग ने 20 मार्च को राज्य में गर्जन के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विभाग ने बताया कि 21 मार्च तक राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश, गर्जन और वज्रपात की स्थिति बनी रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जो मौसम के आंशिक रूप से खराब रहने का संकेत देता है। तापमान की बात करें, तो पिछले 24 घंटों में डाल्टनगंज में सबसे अधिक 36.8 डिग्री सेल्सियस और कोडरमा में सबसे कम 14.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहे, जिससे धूप की तीव्रता कुछ कम महसूस की गई। गौरतलब है कि राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में पिछले चार-पांच दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। इस दौरान बादल, बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने, खुले स्थानों से दूर रहने और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

### रांची में एलपीजी गैस किल्लत पर उबाल राजद नेता ने दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम

**रांची :** रांची में घरेलू एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर आम लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे पर आज हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद नेता कैलाश यादव ने की। बैठक में गैस एजेंसियों की मनमानी और अनियमित वितरण को लेकर गहरी चिंता जताई गई। साथ ही कालाबाजारी के आरोपों पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि यदि 72 घंटे के भीतर गैस की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं होता है, तो जनांदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान रांची नागरिक परिषद का गठन किया गया, जिसमें कैलाश यादव को संयोजक बनाया गया। नागरिक परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए और दोषी एजेंसियों के लाइसेंस रद्द किए जाएं। साथ ही यह भी कहा गया कि निर्धारित समय पर नियमित रूप से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 22 अप्रैल को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस की किल्लत के खिलाफ शहर के सभी वार्डों में 15-15 लोगों की टीमें बनाकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 19 मार्च को धुर्वा बस स्टैंड में शाम 4 बजे और जगन्नाथपुर में शाम 5 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ठाकुर अभिषेक, चंदन यादव, गोपाल उपाध्याय, संजीत यादव, विजय सिंह, सुरेश राय, रामकुमार सिंह, मैनेजर राय, राकेश कुमार, मनीष कुमार, हीरालाल सिंह, धनंजय कुमार, अभिजीत बाउरी, चंचल पासवान, रामइकबाल चौधरी, सोनू कुजूर, अजय यादव, अरविंद महतो, सूरज कुमार, यमुना प्रसाद, कृतिका राव, ज्योति कुमारी, सतीश सिंह, नियाज आलम उर्फ भोला, संतोष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड विधानसभा में गूंजा राशन डीलरों का कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली (ट्रांसपोर्टेशन/डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलने वाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि डीलर दो किलोग्राम तक अनाज कम दे देते हैं, तो उसे गलत नहीं माना जाता, ऐसे में सरकार को उनकी स्थिति सुधारने के लिए कमीशन बढ़ाना चाहिए। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपये का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गंभीर है और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

#### आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में गड़बड़ी का आरोप

सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं।

मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। बहस के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने फिर सवाल उठाया कि नियमावली के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है और पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाएगी।

इस बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी माना कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कई बार आरक्षण रोस्टर का सही तरीके से पालन नहीं हो पाता, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है। सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियों में झारखंड के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए इस व्यवस्था को जरूरी बताया गया, लेकिन इसमें पारदर्शिता और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

### रांची विवि में स्थायी कुलपति नियुक्ति की मांग को लेकर राज्यपाल को लिखा पत्र

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के आदिवासी छात्र संघ ने राज्यपाल सह कुलाधिपति को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की मांग उठाई है। संघ का कहना है कि पिछले करीब 9 महीनों से विश्वविद्यालय बिना स्थायी कुलपति के चल रहा है, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष दया राम के नेतृत्व में भेजे गए इस आवेदन में कहा गया है कि स्थायी नेतृत्व के अभाव में नीतिगत फैसले और विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिसका सीधा असर छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है।

# सिपाहियों को एसीपी देने के केस में हाई कोर्ट का निर्देश, चार सप्ताह में हो आदेश का पालन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से कांस्टेबल कैडर के सिपाहियों के एसीपी से जुड़े अवमानना याचिका की सुनवाई की। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने सरकार को हाई कोर्ट के एकल पीठ के 16 .08. 2024 के आदेश का अनुपालन चार सप्ताह में करने का निर्देश दिया है।

साथ ही कोर्ट ने आदेश का पालन नहीं होने पर डीजीपी को वर्चुअली कोर्ट के समक्ष हाजिर रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा।

दरअसल, हाई कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की अदालत ने प्रार्थी की दाखिल याचिका को स्वीकार किया था। एकल पीठ ने डीजीपी द्वारा सिपाहियों के लिए एसीपी लाभ में लगाई गई तीनों शर्तों को निरस्त कर दिया था। साथ ही कांस्टेबल कैडर के सिपाहियों को एसीपी का लाभ समय से देने का निर्देश दिया गया था।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि कार्यरत और सेवानिवृत्त सिपाहियों एवं हवलदारों को उनकी देय तिथि से बिना किसी शर्त के एसीपी का लाभ दिया जाए।

इससे पहले प्रार्थी ओर से बताया गया था कि कांस्टेबल कैडर के सिपाहियों व हवलदारों को एसीपी का लाभ तभी मिलेगा, जब वह ट्रेनिंग पास कर जाएंगे, इसे चुनौती दी गई थी। बाद में डीजीपी ने तीन शर्त लगा दी जो गलत है। पहली शर्त लगाई गई थी कि यदि सिपाही स्वेच्छा से ट्रेनिंग में नहीं जाते हैं या पहली बार में ट्रेनिंग पास नहीं करते हैं, तो उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा। प्रार्थी ने इन शर्त को गलत बताते हुए निरस्त करने का आग्रह किया था इसे एकल पीठ ने स्वीकार कर लिया था।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल रांची में कंप्यूटर व डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। इस पहल के तहत कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है, जिसमें प्रारंभिक चरण में 20 दिव्यांग प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए आवागमन हेतु ट्राईसाइकिल की व्यवस्था भी की गई है।

इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए फाउंडेशन ने अगधबोध संस्था को साझेदार बनाया है, जो प्रशिक्षण के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रही है। फाउंडेशन के हेड डॉ. मयंक मुरारी के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार या स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी, इंटरनेट का उपयोग, डिजिटल सेवाओं की समझ और ऑनलाइन कार्य कौशल सिखाए जाएंगे।

अगधबोध संस्थान के प्रदीप गुप्ता ने इसे दिव्यांगजनों को डिजिटल दुनिया से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं, रांची जिला दिव्यांग समाज के अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने कहा कि इस तरह की पहल से दिव्यांगजन मुख्यधारा से जुड़कर अपने कौशल के आधार पर बेहतर भविष्य बना सकेंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। राम दयाल सिंह, रिंकी कुमारी, पूर्णी कुमारी, राजमनी कुमारी, काजल कुमारी, शेखर चौधरी, सीता कुमारी, शाहीना परवीन, सुशील उरांव, तीरथ कुमार, सिकंदर महतो, पूजा कुमारी, भवानी कुमारी, ईश्वर कुमार महतो, नकुल महतो, सुहानी कुमारी, मन्नू महतो, भोला मुंडा, बाबलू मुंडा, निशा कुमारी, रानी कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, मनोहर अंसारी, टन्नू कुमारी, संगीता कुमारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# रातु में बनते ही उखड़ने लगी सड़क ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रातु प्रखंड के पश्चिम तारूप में ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। करोड़ों की लागत से तारूप पंचायत के पश्चिम तारूप में गांव देवती से महुआ टिकरा नदी तक 1500 किमी लंबी पक्की सड़क बनायी जा रही है। सड़क पूरी तरह बनकर तैयार भी नहीं हुई है, मगर निर्माण कार्य के कुछ ही दिन में सड़क उखड़ने लगा है। सड़क निर्माण में अनियमितता साफ दिख रहा है। वहां के ग्रामीणें का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में उन्होंने अपनी रैयती जमीन दी है। ताकि सड़क बनने से सभी को सुविधा हो। इसके बावजूद निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार और मुंशी सड़क निर्माण का कार्य दिन में नहीं बल्कि रात में करते हैं। जिससे वे देख नहीं पाते हैं कि सड़क कैसे बनायी जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में अलकतरा की पर्याप्त मात्रा नहीं डाली जा रही है। गिट्टी को काला दिखाकर अलकतरा होने का आभास कराया गया है।

बताया कि सड़क के किनारों पर अलकतरा की सिर्फ एक पतली परत बिछाई गई है। जिससे सड़क पर छूने से ही गिट्टी उजड़ने लगती है। निर्माण की गुणवत्ता काफी कमजोर बताई जा रही है, सड़क में अलकतरा ऐसा लगाया जा रहा है कि अभी से ही पूरी सड़क उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि राज्य रक्षा मंत्री सह सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जयसवाल दवारा 29 सितंबर 2024 को शिलान्यास किया गया था। तारूप में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क बन रही है। ग्रामीणों ने बताया कि घटिया निर्माण की शिकायत कई बार मुखिया और ग्राम प्रधान से की गयी।

# हातमा सरना स्थल से निकलेगी सरहुल शोभायात्रा 20 से लेकर 22 मार्च तक तीन दिवसीय महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** प्रकृति पर्व सरहुल पूजा और आदिवासी आस्था के महापर्व को लेकर हातमा सरना स्थल में आज बुधवार बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने बताया कि 20 से 22 मार्च तक सरहुल महोत्सव मनाए जाएंगे। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि हातमा सरना स्थल सरहुल शोभायात्रा का उद्गम स्थल है। यहां से निकलने वाली शोभायात्रा का आकर्षण होगी।

मुख्य पाहन ने बताया कि 20 मार्च को आदिवासी समाज के लोग उपवास रखेंगे। शाम करीब 7 ।30 बजे पाहन के सहयोगी पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नदी-तालाब से जल लाकर हातमा सरना स्थल में घड़ा में जल रखाई करेंगे। इस दौरान पांच मुरगों की बलि दी जाएगी और देवकुल देवताओं तथा ग्राम देवता का स्मरण कर पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के बाद पवित्र जल को विभिन्न सरना स्थलों तक ले जाया जाएगा, जहां विधिवत अनुष्ठान संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि चैत तृतीया 21 मार्च को सुबह 10 ।30 बजे मुख्य पूजा होगी और मौसम की भविष्यवाणी किए जायेंगे। पूजा के बाद बलि दिए गए मुर्गे का प्रसाद तैयार किया जाएगा। इसके बाद दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच हातमा से सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। महोत्सव के तीसरे दिन 22 मार्च को पाहन के घर से फूलखोंसी की शुरूआत होगी। लोकगीत और पारंपरिक नृत्य के साथ टोली घर-घर जाएगी, जहां फूलखोंसी की रस्म निभाई जाएगी और घर-द्वार की शांति, समृद्धि और मंगलकामना की जाएगी।

संवाददता सम्मेलन में सरहुल के स्वरूप में हो रहे बदलाव पर भी चिंता जताई है। मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने शोभायात्रा में शामिल प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ता से अपील की कि वे निश्चित समय पर सिरमटोली सरना स्थल पहुंचें, ताकि लोग अपने गांव व घर समय पर पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि अनुशासन में डीजे का सीमित ध्वनि में उपयोग किया जाए, ताकि पर्व की पारंपरिक गरिमा बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि अब मूलवासी समाज भी आदिवासी परिधान और संस्कृति को पसंद करने लगा है, जो सांस्कृतिक स्वीकार्यता का सकारात्मक संकेत है। संवाददता सम्मेलन में जगलाल पाहन, बबलु मुंडा, सुरेंद्र लिंडा, शिवधन मुंडा और शोभा तिर्की समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो लाख के चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार



**रांची :** राजधानी के पंडरा ओपी इलाके से पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम लाल वेदान्त शाहदेव है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से कुल दस ग्राम चरस बरामद किया है। जिसकी बाजार में अनुमानित मूल्य दो लाख रुपये है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि चतरा मैदान में स्पीड पोस्ट के माध्यम से मादक पदार्थ की आपूर्ति होने वाली है। जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम जतरा मैदान गई और जांच की। पुलिस को देखकर एक तस्कर भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और पूछताछ शुरू की। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने तस्कर के पास से दस ग्राम चरस बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने दो मोबाइल और एक एनहेलर भी बरामद किया है। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया।

### ड्रोन व एआई से सजी डिजिटल फिल्म निर्माण कार्यशाला का समापन, छात्रों ने बनाई दो लघु फिल्में



**रांची:** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला डिजिटल फिल्म निर्माण: ड्रोन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक फिल्म निर्माण तकनीकों से जोड़ना और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान स्टोरीबोर्ड निर्माण, कैमरा एंगल, ड्रोन के उपयोग, शूटिंग तकनीक, एडिटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इन तकनीकों को न केवल समझा, बल्कि उन्हें व्यवहारिक रूप में लागू भी किया। कार्यशाला की विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में डस्टबिन और बटुआ नामक दो लघु फिल्मों का निर्माण किया। इन फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की गई, जिसे शिक्षकों और छात्रों ने खूब सराहा। इस प्रक्रिया ने विद्यार्थियों को वास्तविक फिल्म निर्माण का अनुभव प्रदान किया। इस अवसर पर विभाग के डीन एवं अध्यक्ष प्रो. देवव्रत सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में फिल्म निर्माण के लिए रचनात्मकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता भी अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अमृत कुमार, अजेंगा पामेई और रामनिवास सुथार की सक्रिय उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का समापन समन्वयक डॉ. रश्मि वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के कौशल विकास और उन्हें आधुनिक मीडिया तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई।

### रिम्स की हालत सुधारने की पहल, भवन मरम्मत के लिए 49.40 करोड़ आवंटित

**रांची :** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने रिम्स रांची के लिए बड़ा वित्तीय आवंटन किया है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्थान के स्थापना व्यय के तहत 49 करोड़ 40 लाख रुपये जारी किए हैं। यह राशि रिम्स के भवनों और आवासीय क्वार्टरों की मरम्मत के साथ-साथ अन्य जरूरी कार्यालय कार्यों पर खर्च की जाएगी। सरकार ने पहले ही इस मद में कुल 125 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी थी, जिसमें से यह राशि जारी की गई है। सरकार ने खर्च को लेकर सख्त निर्देश भी दिए हैं। बिना जरूरत अग्रिम निकासी नहीं होगी और राशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्यों के लिए ही किया जाएगा। अस्पताल से जुड़े कार्यों और भुगतान के लिए चिकित्सा अधीक्षक की स्वीकृति जरूरी होगी और इसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी।

### थाना परिसर में ईद, सरहुल एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**सिल्ली :** सिल्ली थाना एवं मुरी ओ पी परिसर में बुधवार को ईद-उल-फितर,सरहुल और रामनवमी पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। सिल्ली थाना में बैठक की अध्यक्षता रामदेव यादव एवं मुरी ओपी थाना में अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने किया। मुरी ओपी थाना में सिल्ली अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं लोगों से पालन करने का अपील किया। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी,एस आई उदय कुमार,युधिष्ठिर महतो, अरुण यादव,मणि भूषण पासवान, रघुनंदन मंडल एवं रामनवमी के विभिन्न अखाड़ा, सरहुल पुजा समिति एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ ईद, सरहुल व रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया।बताया गया कि संभावित 20 एवं 21 मार्च को सिल्ली के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। 21 मार्च को सरहुल, 27 मार्च को पारंपरिक मार्ग पर सरकारी गाइड लाइन के तहत रामनवमी का जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में जिप सदस्य, पूर्व प्रमुख कमलनाथ मांझी राजेश साहु,भागवत सोनार, बबलु साव,कार्तिक चंद्र महतो, कमल किशोर कुशवाहा, राधिका महतो आदि ने विचार व्यक्त किए। एस आई रामदेव यादव ने आगामी त्योहारों को लेकर सरकार की गाइड लाइन की जानकारी देते हुए कहा कि जुलूस में डीजे बजाने और विवादास्पद गाने बजाने पर सख्त मनाही है। रामनवमी जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौक-चौराहों के साथ-साथ जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों के साथ साथ त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया व अफवाह फैलाने वालों पर विशेष रहेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि सौहार्दपूण वातावरण में त्योहार मनाने के लिए सिल्ली का अच्छा इतिहास रहा है। इस वातावरण को बनाए रखें। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने लोगों से त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की कोई बात होगी,तो अविलंब पुलिस को सूचना दें। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो, कमलनाथ मांझी, अखिल महतो, समीर ठाकुर, डबलु महली, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, जसरूद्दीन अंसारी, नकुल महतो, अमित कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, मोहर्रम मोमिन, संजीव कुमार महतो, भवानी देवी, गोंदुरा उरांव, हरे कृष्ण महतो, अजित महतो, संजय भगत, भादुड़ी गोरांई, चंद्र मोहन महतो समेत पुलिस के जवान एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भव्य हवन-पूजन व भंडारे के साथ सात दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन

### रावण वध व राम राज्याभिषेक प्रसंग ने श्रोताओं को किया भाव-विभोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** जय सियाराम सत्संग समिति के द्वारा शहर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन सातवें दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रातःकाल विधिवत हवन-पूजन कर कथा का समापन किया गया तथा इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

अंतिम दिन के पूजन का कार्य पंडित अरविन्द पाण्डेय एवं विकास पांडेय ने विधि-विधान के साथ संपन्न कराया। इस दिन के जजमान के रूप में सुजाता जोशी, मनोज जोशी तथा अजय एवं रूबी बर्णवाल उपस्थित रहे। प्रातः 9 बजे आचार्य पंडित रामकरण सहल के सानिध्य में हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की।

सातवें दिन की कथा में कथावाचक पंडित रामकरण सहल ने भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों–रावण वध और राम के राज्याभिषेक–का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वनवास काल के दौरान भगवान राम ने अनेक जीवों का उद्धार किया, जिनमें जटायु और अहिल्या प्रमुख हैं। जटायु के प्रति श्रीराम की करुणा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने स्वयं उनका अंतिम संस्कार कर मानवता और करुणा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया।

कथा के दौरान हनुमान जी के लंका गमन का प्रसंग भी बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। अशोक वाटिका में माता सीता की खोज, वहां फलाहार करना, राक्षसों का संहार, रावण के आदेश पर हनुमान जी को बंदी बनाना और उनकी पूंछ में आग लगाना–इन सभी घटनाओं का सजीव चित्रण कर कथावाचक ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनुमान जी द्वारा अपनी ज्वलंत पूंछ से लंका दहन करने का प्रसंग सुनकर पूरा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व और ह्लजय सियारामह्व के जयघोष से गूंज उठा।

इसके उपरांत राम-रावण युद्ध का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि अंततः अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रावण का वध हुआ। इसके बाद भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे, जहां उनके आगमन पर पूरे नगर में दीपोत्सव जैसा उल्लास छा गया। राज्याभिषेक के भव्य दृश्य का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि गुरुजनों और ऋषि-मुनियों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम और माता सीता का तिलक कर उन्हें अयोध्या का राजा-रानी बनाया गया। इस प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए और पूरा पंडाल ह्लजय सियारामह्व के जयघोष से गूंजता रहा।

कथा के समापन अवसर पर भगवान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। कथा श्रवण के दौरान अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वे भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।

समापन के बाद आयोजित भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

कथा श्रवण करने वालों में अनुप जोशी, प्रदीप केडिया, हरि भाई, अरुण मोदी, मनोज केडिया, चन्द्रशेखर जोशी, गिरधारी सोमानी, बबीता केडिया, माला दारूका, अमित खेतान, भूनंदन मोदी, चन्द्रशेखर सोनकर, आशा बर्णवाल, नीलम जोशी, मंजु मोदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भुरकुंडा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पूजा समितियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पर्व से जुड़ी तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान सरहुल पर्व को लेकर जानकारी दी गई कि भुरकुंडा क्षेत्र में 22 और 23 तारीख को जुलूस निकाले जाएंगे। जुलूस के मार्ग, समय और अन्य व्यवस्थाओं पर भी समितियों द्वारा अपने सुझाव साझा किए गए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

पतरातू एसडीपीओ सह एएसपी गौरव गोस्वामी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जुलूस निकालना संबंधित समितियों की जिम्मेदारी है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना पुलिस का कार्य है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार का मतभेद समाज में नकारात्मक प्रभाव डालता है, इसलिए सभी को मिलजुलकर त्योहार मनाना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी तरह की भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट के माध्यम से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## रामगढ़ को मिली आधुनिक एम्बुलेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीवीयूएनएल ने स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (अछर) एम्बुलेंस उपलब्ध कराई है। यह एम्बुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित है, जिससे गंभीर स्थिति में मरीजों को तुरंत और प्रभावी इलाज मिल सकेगा।

इस एम्बुलेंस का औपचारिक हस्तांतरण पीवीयूएनएल के प्रतिनिधि जियाउर रहमान होहर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तनमोय मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में एम्बुलेंस को विभाग को सौंपा गया। सिविल सर्जन, रामगढ़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एएलएस एम्बुलेंस जिले की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को नई मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के माध्यम से गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा, जिससे कई जानें बचाई जा सकेंगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए पीवीयूएनएल के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

बताया गया कि एएलएस एम्बुलेंस में अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरण लगाए गए हैं, जो रास्ते में ही मरीजों को प्राथमिक उपचार देने में सक्षम हैं।

## विधानसभा में गूंजा बड़कागांव और पतरातू को अनुमंडल बनाने का मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातु (रामगढ़) :** झारखंड विधानसभा में बड़कागांव और पतरातू को पृथक अनुमंडल (सब-डिवीजन) का दर्जा देने की मांग जोरदार तरीके से उठाई गई। बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से यह मुद्दा सदन में रखते हुए कहा कि दोनों क्षेत्र प्रशासनिक, भौगोलिक और जनसंख्या के मानकों पर खरे उतरते हैं, इसलिए यहां अनुमंडल का गठन अत्यंत आवश्यक है।

संकल्प में विधायक ने बताया कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में 23 पंचायतों के साथ लगभग 1.50 लाख की आबादी निवास करती है, जबकि केरेडारी प्रखंड में 16 पंचायतों के साथ करीब 90 हजार लोग रहते हैं। वहीं रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में 46 पंचायतों के साथ लगभग 2.30 लाख की जनसंख्या है। उन्होंने कहा कि पतरातू क्षेत्र औद्योगिक, शैक्षणिक और पर्यटन दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है।

विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि बड़कागांव और पतरातू दोनों स्थानों पर पहले से पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (रउढड) का कार्यालय संचालित हो रहा है, जो इन क्षेत्रों की प्रशासनिक अहमियत को दशार्ता है।

## वज्रपात से भैंस की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चितरपुर (रामगढ़) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के नवाडीह टोला में मंगलवार देर शाम आई तेज आंधी-तूफान और वज्रपात ने एक किसान को बड़ा नुकसान पहुंचाया। वज्रपात की चपेट में आने से सरजू महतो की एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान ने मृत भैंस की कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई है। घटना के संबंध में बताया गया कि सरजू महतो के घर के पास बड़का पतरा क्षेत्र में अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। इसी दौरान उनकी भैंस इसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई।

## नगर पंचायत कोडरमा में 351 होल्डिंग धारकों के बैंक खाते फ्रीज करने की कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** नगर पंचायत कोडरमा के कार्यपालक पदाधिकारी शम्भु प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के 351 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को नोटिस भेजने एवं समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित करने के बावजूद भी उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है।

नोटिस की अवहेलना करने पर संबंधित होल्डिंग धारकों के बैंक खातों को फ्रीज करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके लिए संबंधित व्यक्तियों के नाम, आधार संख्या एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 की धारा 184(1)(ड़) के तहत बकायेदारों के बैंक खातों एवं अन्य वित्तीय संपत्तियों (एकल या संयुक्त) को जब्त कर बकाया राशि की वसूली का प्रावधान है।

कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे समय पर अपना होल्डिंग टैक्स जमा करें। बकाया वसूली के लिए कुर्की, जब्ती, बॉडी वारंट निर्गत करना, चल एवं अचल संपत्ति की जब्ती एवं बिक्री तथा भवन को सीलबंद करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि विलंब से टैक्स भुगतान करने पर प्रति माह 1 प्रतिशत ब्याज देय होता है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि जमा करने पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज एवं जुमार्ना के साथ टैक्स वसूला जाता है।

इसके अतिरिक्त, सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्र अपना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें। जिन प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस समाप्त हो चुका है, वे उसका नवीनीकरण अविलंब कराएं। अन्यथा, झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सनातन धर्म मानवता, प्रेम और सद्भावना का संदेश देता है : मनोज राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

### पिपचो में विराट हिन्दू सम्मेलन संपन्न



**जयनगर :** प्रखंड के पिपचो पंचायत अंतर्गत ग्राम दलदलीया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू समाज की एकता और सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यवाह मुकेश राणा व संचालन खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव ने किया। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात जिला कार्यवाह मुकेश राणा एवं सहयोगी के द्वारा भजन संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों विभाग सह कार्यवाह मनोज राणा, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिप प्रतिनिधि देवनारायण यादव, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया गया। बाल कलाकारों के द्वारा संतोषी माता कि गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज राणा ने अपने संबोधन में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर जोर दिया। सनातन धर्म मानवता, प्रेम और सद्भावना का संदेश देता है। समाज को मजबूत बनाने के लिए लोगों को अपने धर्म और संस्कारों से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकारी रखना चाहिए तथा समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों को मतभेद भुलाकर एकजुट रहने और समाज के विकास में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने समाज को एकजुट रहने और सनातन संस्कृति की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। जब तक समाज संगठित रहेगा तब तक कोई भी शक्ति उसकी आस्था और परंपराओं को कमजोर नहीं कर सकती। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को अपनी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को जानना और उन्हें आगे बढ़ाना जरूरी है। कार्यक्रम को मयंक कुमार यादव, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, महेन्द्र राणा ने सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना और लोगों को अपनी संस्कृतियों व धर्म के प्रति सजग बनाना है। कार्यक्रम के दौरान कई वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने और समाज को संगठित रखने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और सामाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान धर्म संस्कृति और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चचाएं की गई। मौके पर मुखिया गणपत यादव, इन्द्रदेव यादव, रामेश्वर यादव, सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, महादेव शर्मा, सकलदेव राम, ललन यादव, सुभाष राणा, सुर्यदेव राणा, पंकज पासवान, सुरेश राणा, कैलाश लाल बर्णवाल, विजय यादव, महावीर यादव, मनोज यादव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

## एक नजर

### छः दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छः दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रिसोर्स पर्सन निशा रॉय, महाविद्यालय प्राचार्य एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन – रिसोर्स पर्सन निशा रॉय, सॉफ्ट स्किल डेवलपर, नंदी फाउंडेशन, हैदराबाद ने आई एम यूनिक, प्रोफेशनल ग्रूमिंग एवं मॉडेल टू मोल्ड विषयों पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराते हुए विविध महत्वपूर्ण जानकारीयां साझा किया साथ ही प्रशिक्षुओं को उनके अंतर्निहित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों एवं क्षमताओं को प्रभावशाली बनाने हेतु विभिन्न उपकरण एवं तकनीकी से अवगत कराया एवं कहा कि व्यावहारिक कौशल मानव जीवन को सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर करता है।

### अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के गणित विभाग में 17 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई, जिससे पूरे वातावरण में शैक्षणिक और प्रेरणादायक माहौल बना रहा। कार्यक्रम में कुलाधिपति बी एन साह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणित मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बिना गणित के आधुनिक जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि गणित केवल संख्याओं का विषय नहीं है, बल्कि यह तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और जीवन में संतुलन बनाए रखने की कला भी सिखाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिनोबा भावे विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में जुबिली महाविद्यालय का दबदबा



**भुरकुंडा (रामगढ़):** बिनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन कर्णपुरा कॉलेज, बड़कागांव में किया गया, जिसमें जुबिली महाविद्यालय, भुरकुंडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में जुबिली महाविद्यालय की पुरुष टीम ने जेजे कॉलेज, झुमरी तिलैया को हराकर लगातार आठवीं बार विश्वविद्यालय स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता की चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुल पांच महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। पूरे टूनार्मेंट के दौरान जुबिली महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, फुर्ती और रणनीति का प्रदर्शन किया, जिसका परिणाम फाइनल जीत के रूप में सामने आया। टीम के खिलाड़ियों में विकास कुमार, दुर्गा प्रसाद, अमन तिर्की, विजय बारला, निशांत सिंह, विनय कुमार, पवन मुंडा, रोहित सोरेन, बादल कुमार सिंह, अंकित कुमार, आशीष उरांव, भीम यादव और शिवचरन बेदिया शामिल थे। टीम के कोच के रूप में नवीन कुमार ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

### बड़कागांव में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**बड़कागांव :** जिला प्रशासन के द्वारा बड़कागांव में ईद ,सरहुल एवं रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़कागांव, केरेडारी एवं डाड़ी प्रखंड के लोगों ने भाग लिया और त्योहार से संबंधित अपनी अपनी बातों को रखा। परंतु बैठक में एक भी मुस्लिम प्रतिनिधि नजर नहीं आए। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग उपविकास आयुक्त रिया सिंह एवं संचालन बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। क्षेत्र में सौहार्द बहाल करने की उद्देश्य से आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक लगभग 12:00 बजे शुरू हुआ और 1:15 बजे यानि मात्र सावे घंटे में बैठक संपन्न हो गया। व्यस्तता के कारण हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में शामिल नहीं हो पाए। बैठक में सबसे अधिक महुदी रामनवमी की जुलूस निकालने की मांग छाया रहा। कई लोगों ने जुलूस निकालने का सुझाव भी प्रशासन को दिया। डीडीसी ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और अपने संबोधन में कहा कि आप लोगों की बातों को मैं उच्च अधिकारियों के पास भेज दूंगी। त्यौहार में अफवाहों पर ध्यान नहीं दें एआई माध्यम से माध्यम से भी अफवाहें फैलती है इस पर ध्यान नहीं देना है।

### महुदी गांव में रामनवमी शोभायात्रा पुनः शुरू करने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर रोशन लाल चौधरी में दिया धरना




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी शोभायात्रा को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा के बाहर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी प्रदीप प्रसाद तथा निर्मल महतो ने संयुक्त रूप से तख्तियों के साथ धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद किया। धरना–प्रदर्शन के दौरान बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि महुदी गांव में वर्षो से निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। इसे बंद किया जाना स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला कदम है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल करते हुए शोभायात्रा को पुनः प्रारंभ करने की अनुमति दी जाए। आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की आस्था और परंपरा का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जा रहा है तथा आगे भी जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। आगे उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार पुष्टिकरण की राजनीति कर रही है हिंदुस्तान एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हिंदुस्तान में हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया इजाएगा।

### मनरेगा मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : प्रकाश रजक

**मरकच्चो :** मरकच्चो स्टेडियम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 'मनरेगा बचाओ संग्राम ब्लॉक जनसंवाद' सह इछअ प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी गई और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व, कांग्रेस कार्यकताओं और मजदूरों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मनरेगा योजना को पूर्व की भांति पुनः बहाल करो मजदूरों का शोषण बंद करो, नरेंद्र मोदी होश में आओ मनरेगा हक है हमारा, इसे छीनने नहीं देंगे३,जैसे नारों के साथ पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**कोडरमा :** बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित मांगों एवं सुझावों पर चर्चा की गई। प्रशासन द्वारा इन पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ऋतुराज ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सभी धर्मों के लोग हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाते रहे हैं, जो जिले की पहचान है। उन्होंने लोगों से एक–दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया।

## जंगल में मिला सड़ा-गला शव, हाथ बंधे होने से हत्या की आशंका

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के डेरवां जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव की हालत और हाथ बंधे होने की स्थिति ने मामले को संदिग्ध बना दिया है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गोइलकेरा-मनोहरपुर सड़क के पास जंगल में ग्रामीणों को तेज दुर्गंध महसूस हुई। इसके बाद आसपास तलाश करने पर झाड़ियों के बीच एक शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गोइलकेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, शव काफी पुराना है और बुरी तरह सड़-गल चुका है। हालत इतनी खराब थी कि शरीर के कई हिस्सों में सिर्फ हड्डियां ही नजर आ रही थीं। मृतक के हाथ पीछे की ओर बंधे हुए पाए गए, जिससे यह संदेह गहरा गया है कि पहले उसे बांधकर प्रताड़ित किया गया और फिर हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया।

# खूंटी से एक लाख के इनामी पीएलएफआई एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडा (30) वर्ष ने बुधवार को खूंटी की उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर उपायुक्त ने गुलदस्ता देकर उसका स्वागत किया। प्रफुल्ल के खिलाफ विभिन्न थानों में 22 मामले दर्ज हैं। सरकार की ओर से प्रफुल्ल के खिलाफ एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण के दौरान प्रफुल्ल की पत्नी और बच्चा भी मौजूद थे। मौके पर जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार के नक्सल मुक्त राज्य के




संकल्प के तहत चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडा ने सरकारी आत्मासर्पण नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का निर्णय लिया। हाबिल मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल पंचायत अंतर्गत बम्हनी गांव का निवासी है। उसके खिलाफ मुरहू, खूंटी, कर्रा और तोरपा थाना में उग्रवादी हिंसा सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर करीब 22 मामले दर्ज हैं। खूंटी पुलिस कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के समक्ष उसने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान उपायुक्त ने उसे एक लाख रुपये के चेक का प्रतीकात्मक भेंट किया। मौके पर उसकी पत्नी रंदाय कंडीर अपने पांच माह के पुत्र निलेश मुंडू के साथ मौजूद थी। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि हाबिल मुंडू (30) पर झारखंड पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पण के दौरान उसने 09 एमएम पिस्टल, 7.65 एमएम पिस्टल, एक देशी कट्टा, 13 कारतूस और दो वॉकी-टॉकी पुलिस को सौंपे। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और अन्य केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान से उग्रवादी संगठनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। साथ ही राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति नई दिशा का भी सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। एसपी के अनुसार, संगठन के भीतर शोषण, भय और सुरक्षा बलों की कार्रवाई से परेशान होकर कई उग्रवादी संगठन छोड़ रहे हैं या आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के पुनर्वास की जिम्मेदारी जिला प्रशासन उठाएगा। उन्होंने शेष उग्रवादियों से भी अपील किया कि वे सरकार की नई दिशा नीति से जुड़कर आत्मसमर्पण करें और सामान्य जीवन की ओर लौटें। मौके पर खूंटी के एसडीपीओ वरुण रजक, तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, खूंटी के थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद और रामनवमी पर्व को लेकर सरिया थाना में शांति समिति की बैठक



**सरिया :** ईद एवं रामनवमी पर वी को शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को सरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पर अधिकारी ललित नारायण ने किया। उक्त बैठक में दोनों समुदाय के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। उगता बैठक में उपस्थित सभी अखाड़ा समिति के सदस्य तथा शांति दूतों से क्षेत्र के वातावरण तथा व्यवहार को लेकर संभावित समस्याओं से अधिकारी रूबरू हुए। अखाड़ा समिति के लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही प्रशासन को अस्वस्थ किया कि उक्त दोनों त्योहारों की मयार्दा को देखते हुए आपसी भाईचारे तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। श्री रामनवमी महापर्व में बाजार में करने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन से निवेदन किया गया कि व्यवसायों द्वारा सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले चार पहिया वाहन से मुक्ति दिलाए। जिससे कि सड़क मार्ग में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो। वही रेलवे फाटक के पास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल की मांग की गई। खेसारी बाजार में स्थापित सरकारी शराब की दुकान को अन्यत्र ले जाने पर भी मांग किया गया। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ में दिक्कत ना हो इसके लिए बिजली पानी की व्यवस्था सुद्दढ़ करने की भी मांग की गई। आम लोगों की समस्याओं तथा विचारों को सुनने के बाद अधिकारियों द्वारा समस्या के समाधान पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का निवारण करने का निर्देश दिया गया .इधर अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने भी अपने संबोधन में लोगों को कहा कि त्यौहार में शरारती तत्वों पर नजर रखें। अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा,भड़काऊ नारे नहीं लगाएं। जिससे कि दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। खुराफात करने वाले लोगों को चिन्हित कर उसे पर कार्रवाई करने की भी बात कही गई। वहीं उन्होंने लोगों से कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्साह और उमंग के साथ त्योहार मनाएं। सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष शोभा देवी तथा उपाध्यक्ष सुशील मंडल नेवी अपने संबोधन में लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में ईद तथा रामनवमी त्योहार मनाने की अपील की. मौके पर अंचल पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह,थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह,मुरली मनोहर मंडल,योगेश कुमार महतो,सुदामा राम,बबलू मंडल,धानेश्वर साव,चंद्रिका सिंह,सुरेश भारती,मनोहर यादव,गयासुद्दीन अंसारी,अलीमुद्दीन अंसारी, अशोक मंडल, रामदेव शर्मा,संजय यादव,मोहम्मद इकबाल, जसीमुद्दीन अंसारी,राजु मंडल, हेमलाल महतो,लाल मोहम्मद,सुशील मंडल,बाबूलाल पांडेय,कृष्ण मुरारी पांडेय,जसीमुद्दीन अंसारी,महादेव पासवान, प्रकाश शर्मा,मोहन मिस्त्री, महेंद्र सिंह,बुधनी देवी, बालेश्वर मरांडी,काजिम अंसारी,रफीक अंसारी, खूबलाल यादव,विजय मंडल, देवेंद्र प्रसाद,रेनू रवानी, हारून रशीद,डॉ संजीत प्रसाद, मकबूल अंसारी, नीलकंठ सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जेएलकेएम टीम ने थाना के नए थाना प्रभारी को झारखंडी अंग वस्त्र पहनाकर किया स्वागत एवं अभिनन्दन



**पटमदा :** जेएलकेएम के प्रतिनिधि मंडल के साथ काफी देर तक क्षेत्र की विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए नए थाना प्रभारी से मांग की गई कि क्षेत्र के गरीब, शोषित और पीड़ित लोगों का बिना किसी भेद भाव किए लोगों का समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया । थाना प्रभारी पटमदा ने यह आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का समाधान बिना किसी भेद भाव करके किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय संयुक्त महासचिव देवव्रत महतो, जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, श्याम सुंदर महतो,मृत्युंजय महतो,साहेब राम महतो, राजेश कुंभकार,पांडव महतो, शिव शंकर महतो,निर्मल महतो, भक्त महतो,प्रवीर महतो, अंकुर महतो, बिपिन महतो, रमेश कुमार,बिकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## नवोदय परीक्षा में चमकी प्रतिभा डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यार्थी सफल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समाजसेवी हाराधन महतो द्वारा टैलेंट सर्च एकेडमी के बैनर तले बोड़ाम प्रखंड के मोहनपुर में संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर के 14 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो संस्था के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। चयनित विद्यार्थियों में शिखा सहिस, उमा रानी महतो, ओम महतो , विभश्री महतो, सुमन महतो , पूनम महतो व ईशा महतो, अनन्या महतो व शुभजीत कुंभकार , अंजलि महतो, शारदा महतो, सुपर हेंब्रम, कुणाल महतो और अंजली रजवाड़ शामिल हैं। कुल 80 विद्यार्थियों में से 14 के चयन पर टैलेंट सर्च एकेडमी के अध्यक्ष हाराधन महतो सहित शिक्षक उदय गोप, उमेश मार्डी, उत्तम गोप और बृंदावन महतो ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एक छात्र सुनील गोराई ने सफलता प्राप्त की है, जबकि शिखा रानी महतो ने बेहतर अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के कुल 22 विद्यार्थियों को सफलता मिलने की सूचना है इससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और स्थानीय लोगों ने इन बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।अब 22 विद्यार्थियों को बहरागोड़ा में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छः में नामांकन मिलेगा. जहां पर 22 विद्यार्थियों को वर्ग छः से 12 वीं तक रहना, खाना और पढ़ाई निशुल्क मिलेगा।

## स्कूल में हंगामा कर रहे युवक को किया पुलिस के हवाले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र स्थित जोजोगुटू गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक स्कूल परिसर में घुसकर हंगामा करने लगा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर युवक को काबू में किया और रस्सी से बांध दिया, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार युवक अचानक स्कूल में घुस आया और बेवजह उत्पात



मचाने लगा। उसने प्रधानाध्यापक गुरेश दाराय के साथ हाथापाई की और शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के बीच दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख शिक्षकों और कुछ छात्रों ने साहस दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया। काफी मशक्कत के बाद उसे काबू कर रस्सी से बांधा गया, ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके। बाद में युवक की पहचान रमेश गुड़िया (20) के रूप में हुई, जो इसी विद्यालय का पूर्व छात्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना के समय वह नशे की हालत में था। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। विद्यालय की शिक्षिका नीता चेरूवा ने बताया कि रमेश पहले पढ़ाई में अच्छा था, लेकिन नशे की लत ने उसका जीवन प्रभावित कर दिया। वहीं उसके बड़े भाई ने घटना पर खेद जताया और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए प्रयास करने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी की समस्या को उजागर करती है, जो युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही है और सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर डाल रही है।

### पश्चिमी सिंहभूम में अवैध साल लकड़ी से भरा 12 चक्का ट्रक जब्त

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में वन विभाग ने बंदगांव थाना क्षेत्र के पोड़ाहाट वन क्षेत्र से अवैध लकड़ी से भरा एक 12 चक्का ट्रक जब्त किया है। ट्रक में भारी मात्रा में साल की लकड़ी लदी हुई थी। हालांकि वन कर्मियों को देखते ही चालक और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सोंगरा-केरा वन क्षेत्र के रेंजर तरुण कुमार सिंह को मंगलवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम का गठन कर हेसाडीह क्षेत्र में छापेमारी के लिए भेजा गया।

## एसएसबी जवान की संदिग्ध मौत सर्विस रायफल से खुद को मारी गोली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** चतरा में तैनात एसएसबी के एक जवान द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 35वीं बटालियन में तैनात जवान ने अपने ही रायफल से खुद को गोली मार ली। घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला पिकेट की है, जहां वह पदस्थापित था। मृतक की पहचान प्रह्लाद सिंह, निवासी देवघर के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सुमित कुमार अग्रवाल व एसएसबी कमांडेंट मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। साथ ही मृतक जवान के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। घटना पर खड़े हो रहे गंभीर सवाल, आखिर ट्रेंड जवान क्यूं सर्विस रायफल को कॉक कर रखेगा पास.. इधर सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला पिकेट पर तैनात एसएसबी के जवान



प्रह्लाद सिंह का शव सुबह सदर अस्पताल लाया गया, जिसके बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को एसएसबी मुख्यालय से फोन आया कि प्रह्लाद को गोली लगी है, आप लोग पहुंचिए। प्रह्लाद एक महीने पहले ही छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौटे थे। घटना के दिन शाम करीब 5 बजे उनकी परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि वे क्रिकेट खेलने जा रहे हैं और इसके बाद प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। परिजनों के अनुसार, प्रह्लाद सिंह की नौकरी वर्ष 2017 में लगी थी और 2018 में उनकी शादी हुई थी। उनके पीछे एक छोटी बच्ची है। फिलहाल, शव के पोस्टमार्टम का इंतजार किया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और जवान की मौत से हर कोई स्तब्ध है। हालांकि कई लोग पुरे घटनाक्रम को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कैंप में आखिर कोई जवान क्यों अपने सर्विस रिवॉल्वर को कॉक करके रखेगा यह पूरा घटनाक्रम चतरा में तैनात एसएसबी के बड़े अधिकारियों के कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा हैं। क्योंकि घटना की सूचना के बाद जब मीडिया कर्मी खबर संकलन करने सदर अस्पताल पहुंचे तो मौके पर मौजूद बटालियन के बड़े अधिकारियों ने न सिर्फ मीडिया कर्मियों से बदसलूकी की बल्कि खबर संकल्प करने से भी रोकने का प्रयास किया जो किसी बड़े संदेह को जन्म देता है। कहा जा रहा है कि अगर सब कुछ महज एक दुर्घटना ही है तो बटालियन के अधिकारी क्या कुछ छिपाना चाह रहे हैं।

## थाना प्रभारी का एक्शन मोड राइडर बाइकर्स पर चला जांच अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा थाना प्रभारी विष्णुचरण भोगता के द्वारा बुधवार की शाम बेल्टांड चौक में रायडर बाइकर्स के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस तरह के रायडर बाइकर्स के बीच भय का माहौल देखा गया। अभियान के दौरान आसपास के लोग उनके इस अभियान की चर्चा करते दिखे। सभी के मुंह से एक ही बात निकल रही थी। इस तरह के रायडर बाइकर्स पर कार्यवाही होना चाहिए इन्हीं के कारण आए दिन सड़कों पर दुर्घटना की संख्या बढ़ रही हैं। थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने कहा कि मेरे कार्यकाल में इस तरह के रायडर बाइकर्स के हरकत पर विशेष नजर रहेगी। वही किसी भी स्थिति में रायडर बाइकर्स को बक्सा नहीं जाएगा। बता दे कि पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा थाना प्रभारी से अपील करते हुए रायडर बाइकर्स पर अंकुश लगाने का सुझाव दिया गया था इस सुझाव पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि मेरे थाना क्षेत्र के सभी रायडर बाइकर्स सुधर जाए नहीं तो सुझारने के लिए मैं तैयार हूं। उन्होंने आम जनता से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की।

### जिला पुलिस को मिला 14 नए वाहन अपराध नियंत्रण में होगी सुविधा

**खूंटी :** राज्य सरकार की ओर खूंटी जिला पुलिस को 14 नए वाहन उपलब्ध कराया गया है। उपायुक्त आर रोनिता और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को रवाना किया। एसपी ने बताया कि खूंटी, तोरपा और कर्रा थाना को दो दो वाहन तथा रनिया, मुरहू, अड़की सायको, मारांगहदा सहित अन्य थानों को एक एक वाहन दिया गया है। एसपी ने कहा कि नए वाहनों के मिलने से अपराध नियंत्रण में सुविधा होगी।


**सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पद स्टाफ नर्स–एस0एन0सी0यू0, पद कोड–12 एवं पद ए0एन0एम0– आर0सी0एच0, पद कोड–23 की मेधा सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों के योगदान संबंधी आम सूचना**

सिमडेगा जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् जिला स्तरीय विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 01/NHM/2025 प्रकाशित किया गया था, जिनमें जिनमें पद स्टाफ नर्स–एस0एन0सी0यू0, पद कोड–12 एवं पद ए0एन0एम0– आर0सी0एच0, पद कोड–23 के योग्य अभ्यर्थियों से लिखित परीक्षा उपरान्त चयन समिति के द्वारा मेधासूची के अभ्यर्थियों का कोटिवार चयन किया गया है जो जिला के वेबसाईट http//www.simdega.nic.in एवं सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा के सूचनापट्ट पर प्रकाशित किया गया है।

अतः सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 20.03.2026 तक नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हुए दिनांक 28.03.2026 तक अपने सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
सिविल सर्जन सिमडेगा

PR 375426 (Simdega)25-26*D


## कार से बकरी चोरी करने वाले गिरोह का एक आरोपित गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** परसुडीह थाना क्षेत्र में बुधवार को बकरी चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का नाटकीय अंदाज में पदार्फाश हुआ। हितकू गांव के निवासी लाल बाबू सिंह की सतर्कता और सूझबूझ से इस पूरे गिरोह का खुलासा हुआ। उनकी पहल पर न सिर्फ चोरी की वारदात उजागर हुई, बल्कि कार से 12 बकरियां भी बरामद की गईं। ।बताया जाता है कि सुंदरनगर के हितकू निवासी लाल बाबू सिंह की कुछ दिन पहले दो बकरियां चोरी हो गई थीं। घटना के समय उन्होंने एक संदिग्ध कार का नंबर जेएच 05डीए4481 नोट कर लिया था। इसके बाद से वे लगातार उस कार पर नजर बनाए हुए थे और अपने स्तर पर भी जानकारी



जुटा रहे थे। बुधवार सुबह जब वही कार दोबारा गांव के आसपास घूमती दिखी, तो लाल बाबू सिंह को शक गहरा गया। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी निकाली और कार का पीछा करना शुरू कर दिया। हितकू से परसुडीह तक कई किलोमीटर तक यह उन्होंने कार का पीछा किया। इस दौरान लाल बाबू सिंह रास्ते भर चोर-चोर चिल्लाते हुए लोगों को सतर्क करते रहे, जिससे आसपास के ग्रामीण भी सक्रिय हो गए। पीछा किए जाने का एहसास होते ही कार चालक ने तेजी से भागने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी में परसुडीह के शीतला चौक के पास एक वाहन को टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर रुक गई। कार रुकते ही उसमें सवार तीन में से दो आरोपित मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि एक युवक को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान मानगो आजादनगर निवासी मोहम्मद इंजमाम के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और कार को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद जब ग्रामीणों ने कार की तलाशी ली, तो अंदर का नजारा चौंकाने वाला था। कार की डिक्की और पिछली सीट में ठूंस-ठूंस कर 12 बकरियां भरी हुई थीं। बकरियों की हालत देखकर लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। इसी बीच सूचना मिलने पर परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को किसी तरह भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके से कार को भी जब्त कर लिया और सभी बकरियों को सुरक्षित बाहर निकाला। परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद इंजमाम एक सक्रिय और संगठित बकरी चोर गिरोह का सदस्य है। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि यह गिरोह घाटशिला, सुंदरनगर, पोटका, कपाली और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार सक्रिय था और सुनसान या कम निगरानी वाले क्षेत्रों को निशाना बनाता था।


**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची**

**अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–21/2025-26/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–19.03.2026**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| i | Day to day Maintenance of floor, Corridor, Stair, W.C. and out side of the Building in Jharkhand Mantralaya (Project Bhawan) at HEC Dhurwa, Ranchi. | राशि रू0 1,05,61,900.00/- ( एक करोड़ पाँच लाख एकसठ हजार नौ सौ ) रूपये मात्र। | 12 Months |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 19.03.2026 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | 25.03.2026 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | | 27.03.2026 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
•अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

PR 375539 (Building)25-26*D

# युद्ध ने तोड़ी कई धारणाएं, कम नहीं होतीं अमेरिकी बाधाएं

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाने वाला अमेरिका इसके अलावा भी कई कारणों से पहचाना जाता है। दूसरे वर्ल्ड वॉर के बाद से सुदृढ़ होती उसकी आर्थिक व्यवस्था ने उसे अत्यधिक मजबूत बनाया। अपने प्राकृतिक संसाधनों के बूते उसने विश्व बाजार में दावेदारी पक्की कर ली। आज अमेरिकी डॉलर के दबदबे और सैन्य शक्ति के प्रभाव में उसका जवाब नहीं। कमोबेश यही स्थिति इजराइल की है, जो अपनी कुशल आधुनिक सेनाओं और खुफिया एजेंसी मोशाद के लिए प्रसिद्ध है। किसी भी आपात स्थिति से मुकाबले के लिए यहां आम नागरिकों के लिए भी सैन्य प्रशिक्षण इस देश को विशेष बनाता है। दुनिया की ऐसी दो बड़ी ताकतें एक साथ मिलकर लंबे समय से कई तरह के प्रतिबंध झेल रहे ईरान पर हमला करें, तो सहज परिणाम की कल्पना की जा रही थी। युद्ध के खिंचते चले जाने से यह धारणा टूटने लगी कि सोवियत संघ के बिखराव के बाद विश्व अमेरिका के पीछे एकध्रुवीय हो गया है। ईरान के साथ युद्ध के 14 वें-15वें दिन अमेरिका ने खुद दुनिया के देशों से एक अपील कर इस धारणा को खत्म कर दिया कि वह किसी से भी अकेले लड़ने में सक्षम है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस अपील में अमेरिका की लाचारी झलकने लगी कि साथी देश होर्मुज जलडमरू क्षेत्र को खुला, सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने में सहयोग करें। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के संघर्ष के चलते इस क्षेत्र से तेल और गैस आपूर्ति रुक गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने इस तरह की अपील ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया सहित चीन से भी कर डाली। यह अपील ऐसे समय आई, जब कहा जा रहा था कि ईरान के पीछे चीन भी कई तरीकों से खड़ा है। अमेरिका की बौखलाहट को उसकी ओर से ईरान के खार्ग द्वीप पर किए हमले से समझा जा सकता है। ईरान के तेल का करीब 90 फीसद यहीं से निर्यात होता है। ईरान ने दावा किया कि अमेरिका हमले में तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क नहीं पड़ा। देखने की बात है कि इस हमले का वैश्विक तेल बाजार पर कितना असर होगा। भले तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क न पड़े, पर सैन्य तनाव तेल आपूर्ति में बाधक ही होगा। दो हफ्ते से भी अधिक समय तक ईरान भी अमेरिकी और इजराइली हमलों का माकूल जवाब देता हुआ लगा। उन खाड़ी देशों में भी हमले हुए जहां अमेरिका ने अपने सैन्य अड्डे बना रखे हैं। कतर, कुवैत, सऊदी अरब, यूएई और बहरीन में मिसाइल, ड्रोन या इंटरसेप्शन के मामले दिखे। इन देशों ने सुरक्षात्मक स्थिति बनाए रखना सही समझा। समय के साथ उनका अमेरिका पर भरोसा खत्म हो जाए तो इसमें आश्चर्य नहीं। अपनी दुर्गति देख अमेरिका ईरान से वापसी का फैसला कर ले, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर अमेरिका ले आना लोगों को याद है। इस ताजा घटना के बाद मानवाधिकारों के उल्लंघन, हत्याओं के दोषी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में निकोलस पर अमेरिका में ही मुकदमा चल रहा है। उनकी पत्नी पर मादुरो को सहयोग करने के आरोप हैं। दोनों को किस तरह की सजा मिल सकती है, इस पर वर्ल्ड मीडिया को कोई शक नहीं है। यह जरूर है कि अमेरिका अब भारत सहित कई देशों को वेनेजुएला से तेल खरीदवाने की नीति पर काम कर रहा है। रूस से तेल लेने की कथित छूट की उसने समय सीमा तय करने का दावा किया। अब ईरान पर हमले में इजराइल के साथ उतरने का अमेरिकी मकसद भी आर्थिक अधिक है। हालांकि उसे वेनेजुएला जैसी सफलता नहीं मिल सकी है। दुनिया में अमेरिका के कुछ प्रमुख सैन्य अभियान पहले भी असफल हो चुके हैं अथवा उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। इराक का मामला लोगों के जेहन से शायद उतर गया हो। वर्ष 2003 में इराक में उसके दखल से बाथ पार्टी की सरकार जरूर गिर गई। तीन साल के अंतराल पर 2006 में बगदाद के उत्तरी उपनगर काजिमैन के इराकी-अमेरिकी संयुक्त सैन्य अड्डे "कैंप जस्टिस" में सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई थी।

# प्रसन्नता का वैश्विक संकल्प और भारतीय संदर्भ

**ललित गर्ग**

मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है-धन, वैभव, पद या प्रतिष्ठा। इन सबके पार जाकर यदि कोई तत्व जीवन को वास्तविक अर्थ देता है तो वह है खुशी। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया और 2013 से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि एक वैश्विक चेतना का विस्तार है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है और उसके बिना विकास अधूरा है। इस वर्ष की थीम "एक साथ खुश रहें है", जो हमें यह संदेश देती है कि खुशी का वास्तविक अर्थ केवल व्यक्तिगत संतोष नहीं, बल्कि सामूहिक आनंद और सामाजिक जुड़ाव में निहित है। पिछले वर्षों में "साथ मिलकर खुश रहना" और "खुशी बाँटना" शामिल थे, जो लोगों को दयालुता और मित्रता के माध्यम से खुशियां फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। 2026 का विषय है "देखभाल और साझा करना" जो इस बात पर जोर देता है कि स्थायी खुशी एक-दूसरे की देखभाल करने, जुड़ाव महसूस करने और एक समुदाय का हिस्सा होने से मिलती है।

विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह आंकड़ा पहली दृष्टि में चिंताजनक लगता है, लेकिन इसके पीछे की वास्तविकताओं को समझना भी आवश्यक है। भारत जैसा विशाल, बहुविधताओं से भरा और अनेक चुनौतियों से जूझता देश, जिसकी जनसंख्या विश्व में शीर्ष पर है, उसकी तुलना छोटे और कम जटिल देशों से करना कितना उचित है, यह विचारणीय है। जिन देशों को शीर्ष पर रखा गया है, वहां आबादी कम है, सामाजिक संघर्ष सीमित हैं और प्रशासनिक समस्याएं अपेक्षाकृत सरल हैं। इसके विपरीत भारत में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, असमानता और क्षेत्रीय विषमताओं जैसी जटिल समस्याएं हैं, जिनसे निपटना एक बड़ा दायित्व है। फिर भी भारत ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। लगभग 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना, डिजिटल क्रांति के माध्यम से आम नागरिक का सशक्त होना, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका, ये सभी उपलब्धियां इस बात का संकेत हैं कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की सराहना कर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या केवल आय, सामाजिक सुरक्षा और जीवन प्रत्याशा जैसे संकेतकों के आधार पर ही खुशी को मापा जाना उचित है? क्या सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक संबंधों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को नजरअंदाज कर देना न्यायसंगत है?

भारतीय संस्कृति में खुशी का अर्थ बाहरी संसाधनों से अधिक आंतरिक संतोष से जुड़ा है। यहां "संतोष परम सुखम" का सिद्धांत जीवन का आधार रहा है। भारतीय दर्शन यह सिखाता है कि इच्छाओं की असीमित पूर्ति नहीं, बल्कि इच्छाओं का संयम और आत्मनियंत्रण ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग है। आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में हमने खुशी को वस्तुओं और सुविधाओं से जोड़ दिया है। नई वस्तु मिलने पर क्षणिक प्रसन्नता अवश्य मिलती है, लेकिन वह जल्दी ही समाप्त हो जाती है और उसके स्थान पर नई इच्छाएं जन्म ले लेती हैं। इस प्रकार व्यक्ति एक अंतहीन दौड़ में उलझ जाता है, जहां संतोष का कोई ठहराव नहीं होता। खुशी का वास्तविक पैमाना यह नहीं है कि हमारे पास कितना है, बल्कि यह है कि हम जो कुछ है, उसमें कितना संतुष्ट और कृतज्ञ हैं। एक प्रसन्न समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और आशावान महसूस करें। आर्थिक अवसरों की समानताएं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलताएं सामाजिक संबंधों की मजबूती और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा-ये सभी तत्व मिलकर खुशहाली का आधार बनाते हैं। यदि आम नागरिक को अपने प्रयासों का उचित प्रतिफल मिले और उसे जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो, तो उसकी प्रसन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी।

आज के समय में बढ़ती नकारात्मकता, तनाव और अकेलापन खुशी के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरे हैं। कई लोग भौतिक रूप से समृद्ध होते हुए भी मानसिक रूप से थके हुए, निराश और ऊर्जा विहीन महसूस करते हैं। वे पर्याप्त विश्राम के बावजूद थकान का अनुभव करते हैं, कार्य के प्रति उत्साह खो देते हैं और जीवन में उद्देश्यहीनता महसूस करते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी है कि विकास के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस वर्ष की थीम "एक साथ खुश रहें" हमें यह सिखाती है कि खुशी का सबसे बड़ा स्त्रोत हमारे संबंध हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों के साथ साझा की गई हंसी, समाज के लिए किया गया सेवा कार्य और किसी जरूरतमंद की सहायता-ये सभी अनुभव हमें भीतर से समृद्ध करते हैं। जब हम दूसरों की खुशी का कारण बनते हैं, तो हमारी अपनी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका अस्तित्व संबंधों के बिना अधूरा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने संबंधों को मजबूत करें, संवाद बढ़ाएं और सामूहिकता की भावना को पुनर्जीवित करें।

खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गरीबी, भूख, कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता जैसी चुनौतियों का समाधान किए बिना व्यापक खुशहाली संभव नहीं है। सरकार को नीतियों और योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी आवश्यक है ताकि नागरिकों का विश्वास मजबूत हो सके। जब शासन निस्वार्थ भाव से कार्य करता है तभी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही समाज और नागरिकों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि हम भ्रष्टाचार, अनैतिकता और अपराध के खिलाफ जागरूकता नहीं फैलाएंगे तो खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा। बुराइयों से मुक्ति तभी संभव है जब उनके दुष्परिणामों का सही ज्ञान हो और अच्छाइयों को अपनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। नैतिकता, ईमानदारी और सेवा भाव को जीवन में स्थान देना ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त करता है। हर व्यक्ति की खुशी की परिभाषा अलग होती है, लेकिन कुछ सार्वभौमिक सिद्धांत ऐसे हैं जो सभी के जीवन में प्रसन्नता ला सकते हैं। कृतज्ञता का भाव विकसित करना, सकारात्मक सोच अपनाना, अपने संबंधों को समय देना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, दूसरों की सहायता करना और जीवन के छोटे-छोटे क्षणों का आनंद लेना-ये सभी सरल उपाय हैं लेकिन इनका प्रभाव अत्यंत गहरा होता है। मुस्कुराना और हंसना न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार भी करता है। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि खुशी कोई बाहरी वस्तु नहीं है, जिसे हम प्राप्त कर लें, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जिसे हमें विकसित करना होता है। यह एक यात्रा है, जिसमें हमें अपने विचारों, व्यवहार और संबंधों को संतुलित रखना होता है। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की गलतियों से सीखें, वर्तमान को सजगता से जिएं और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। यदि हम अपने आसपास के लोगों में भी सकारात्मकता और आशा का संचार कर सकें, तो यह एक बड़े परिवर्तन की शुरूआत होगी। इसके लिये जरूरी है कि हम इस अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस पर यह संकल्प लें कि हम केवल अपनी खुशी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की खुशी का भी कारण बनेंगे। जब हम एक साथ खुश रहने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, तभी एक सशक्त, समरस, शांतिपूर्ण और खुशहाल समाज का निर्माण संभव होगा। यही इस दिवस का सार है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी।

# संभावना के महासागर का मंथन

**डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा**

हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन सांस्कृति परंपरा के महान पर्व गुड़ी पड़वा, हिंदू नववर्ष पर सब तरफ हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होता हुआ दिखाई देता है। नववर्ष आगमन में प्रकृति ने नूतन साज श्रृंगार कर लिया है, चन्द्रमा की ओजपूर्ण किरणें वनस्पति जगत सहित हमारे तन मन को आप्लावित करने लगी है, कहीं किसी वृक्ष पर बैठी कोयल मीठे स्वरों में कुहुकने लगी है, गुलाब मोगरा, चमेली, आम, नीम, महुआ की मदमय सुगंध सुरभि जीवन को नई ऊर्जा, नई चेतना एवं नया आयाम देने लगी है, किंशुक सुमन ने अपने मनभावन ओर आग उगलते रंग से हमारे मनोभावों को उद्दीप्त कर दिया है और अमलतास एवं गुलमोहर का उन्मादित सौंदर्य सिर चढ़कर बोलने लगा है। नियति के ऐसे मनमोहक परिदृश्य को निहारते हुए अरण्य निवासी योवनाओं के प्रणय गीतों का गुंजायमान मद्धिम स्वर भी सुनाई देने लगा है। ऐसे रसमय वातावरण में लगता है कि सनातन संस्कृति के प्रतीक नव संवत्सर के स्वागत हेतु नियति नटी ने अपना वैभव लुटाना शुरू कर दिया है। अतः प्रकृति की इस वैभवी कृपा को प्रणाम करते हुए, नव संवत्सर २०८३ का हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत अभिनन्दन किया जाना चाहिए।

उत्सव प्रधान हमारे देश में उत्सवी दिनों को पूरी जिंदादिली से मनाया जाता रहा है, और चूंकि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, इसलिए गुड़ी पड़वा पर हमारी उत्सव धर्मिता की अभिव्यक्ति भी स्वाभाविक ही है। हिंदू नववर्ष के शानदार आगाज से अंतर्मन आनंद की उन्मादकारी सीमाओं को छू लेने को आतुर है, ऐसे रंगारंग उत्सवी माहौल में हमारी सांस्कृतिक परंपराएं भी हमें अपने महाभावों को अभिव्यक्त करने हेतु प्रेरित करती है। अतः महान आध्यात्मिक वैभव से युक्त पंचाक्षर ₹नमः शिवाय₹ और सनातन आध्यात्मिक संस्कृति के महानतम वंदनीय वाक्यों "जय श्री राम" और जय श्री "कृष्ण" के महाबोधि संबोधन से हम समवेत स्वरों में सनातन संस्कृति के महापर्व नववर्ष २०८३ गुड़ी पड़वा का स्वागत अभिनन्दन करते हुए नववर्ष के आगमन पर विश्व में शांति और सभी प्राणियों के कल्याण के निमित्त अति प्रासंगिक एवं समीचीन यह शुभमङ्गलकामना करते हैं, कि सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का जीवन मंगलमय हो, और किसी को भी कोई दुःख न हो।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः,सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुःख भागभवेत।

गुड़ी पड़वा से आरंभ नव संवत्सर संपूर्ण विश्व के लिए सुख समृद्धि दायक, अहिंसा, शांति और सौहार्द का संदेश वाहक तथा वैभव कारक होगा और हम जीवन में सर्वोच्च सफलताओं की और अपने कदम बढ़ाते हुए अविरल गति से निरंतर आगे बढ़ते जाएंगे।

जीवन में सर्वोच्चता की और बढ़ने की यह संकल्प शक्ति ही यकीनन हमें एक बेहतर कल की तरफ ले जाती है, जहां से उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, और उस मार्ग पर चलते हुए हम अपनी मंजिल तक पहुंचने में कामयाब हो सकते है, किंतु जीवनपथ में आने वाली वास्तविकताओं को भी हम नहीं नकार सकते, इसलिए उन्हें दृष्टिगत रखते हुए ही हमें अपने उद्देश्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होना है।

जीवन के आलोक पथ पर अग्रसर होते हुए मानसिक स्तर पर चाहे हम सागर की अनंत गहराइयों को पा जाएं अथवा विंध्याचल की शैल श्रृंखलाओं को अपनी फौलादी बांहों में भर लें, किंतु वास्तविकताओं की विराटता भी हमें बार बार अपनी जमीनी हकीकत बताती ही रहती है, ऐसे में जीवन की वास्तविकताओं से रूबरु होते हुए एवं एक एक दिन के मैदानी अनुभव से ही श्रेष्ठता के आयामों को छुआ जा सकता है। महान उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उठे कदम अंततः अपनी मंजिल पर पहुंच ही जाते हैं, किंतु जीवन पथ पर आगे बढ़ते हुए हमें यह समझना होगा कि रास्ते कभी भी सीधे सपाट नहीं हुआ करते हैं, इसलिए कठिन रास्तों से गुजरने की क्षमताएं भी हमें पहले ही विकसित करनी होगी, साथ ही हौसलों की बुलंदियों को बरकरार रखना होगा, क्योंकि एक वह हौसला ही तो है, जो भूतकाल की असफलताओं को नई सफलताओं में तब्दील कर देता है, और एक मुकम्मल जहां हमारे हाथों में सौंप देता है।

जीवन में आगे बढ़ते हुए कदाचित ऐसे से मोड़ भी आते हैं जब धैर्य ही हमारा आदर्श मित्र साबित होता है, क्योंकि धैर्यहीनता ही एक ऐसी बेड़ी है, जो हमारे कदमों को बरबस ही थाम लेती है, तब दिखाई दे रही मंजिल भी सहसा ही दूर दिखाई देने लगती है, और तब उस गतिमान समय की परिधि में आबद्ध हम लोग सहसा ही विचलित हो कर नियति पर नाराज हो जाते हैं, और तब व्यथा की विपरीतता में कह उठते हैं कि एक एक क्षण पहाड़ बन गया है, और जब खुशी का अवसर मिलता है तो कहने लगते हैं कि समय कितना जल्दी व्यतीत हो गया, ऐसा लगता है कि जैसे बात आजकल की ही हो, किंतु वह क्षण न तो पहाड़ की मानिंद था, और न ही चींटी द्वारा ले जाए जा रहे एक महीन कण की तरह अतिलघु ही था, वक्त का वह कतरा परिंदे की तरह आसमान को अपने आगोश में भर लेने के कथित मानसिक भावों से युक्त भी नहीं था, वास्तविकताओं में हमने ही उसे अपने संकीर्ण सुख-दुःखों से, हानि लाभ से या फिर जय-पराजय से संयुक्त कर दिया था, शायद इसीलिए वह शुचि वक्त अच्छा या खराब नाम पा गया। दरअसल वह कालचक्र के परिक्रमा पथ का एक नन्हा सा हिस्सा था, समय का वह एक कतरा था, जिस पर दौड़ते हुए हम कभी उत्कर्ष पर पहुंचे थे, और वह भी समय का ही एक कतरा था, जिस पर चलते हुए कदाचित हम लड़खड़ाते हुए गिर पड़े थे, और तब उस गतिमान शुचि समय को हमारे ही द्वारा कई संज्ञाओं से विभूषित कर दिया गया था, जबकि समय के उसी प्रवाह ने अन्य अनगिनत लोगों को अमृत तत्व से अभिसिंचित भी किया। निश्चित तौर पर उस एक ही समय को देखने का हमारा नजरिया तात्कालिक लाभ हानि के अल्पकालिक प्रवाह से ही संयुक्त था, शायद इसीलिए अनुभूतियां भी पृथक पृथक रूप ग्रहण कर गईं।

समय के उसी महावैभवी पथ पर एक तरफ जहां फूलों की सौंदर्य सुरभि समाई है, वहीं कंटक भी बिखरे पड़े हैं। यह वही पथ है जो एकबारगी हमें लहूलुहान कर देता है, किंतु संभावनाओं का अनन्त सागर भी तो वहीं से आकार ग्रहण करता है। यही है वह अरण्यपथ जो कठिन है, किंतु असीम संभावनाओं एवं उपलब्धियों से युक्त भी है। शायद यही है वह उपलब्धियो से ओतप्रोत रास्ता जिस पर चलते हुए दुविधाओं की सड़ांध समाप्त हो जाती है, और उद्देश्य पूर्ण यात्रा के फूल खिलते हुए दिखाई देते हैं, किंतु हमें यह समझना होगा कि यात्रा की इस सुख सुरभि में कांटों की वेदना भी समाई होती है, इसलिए प्रत्येक कदम सम्हाल कर रखने की जरूरत पेश आती है, क्योंकि कठिन कंटकाकीर्ण मार्ग को, अरण्यपथ को चुन लिया है जिसने, परीक्षाओं के सिलसिले उसके समक्ष कतारबद्ध खड़े नजर आते ही हैं। सफलताओं के ये आसान से लगने वाले रास्ते परीक्षाओं की वह पूर्व दिशा है, जिसे बादलों ने आच्छादित कर रखा है, किंतु सतत प्रयासों रुपी पुरुषार्थ उन्हें छिन्न भिन्न कर देता है, ओर सफलता रुपी स्वर्णिम प्रभात की नूतन रश्मियां प्रस्फुटित हो ही जाती है। कठिनाइयों के उन बेतरतीब सिलसिलों से होकर ही सफलताओं के महाद्वार खुलते हैं। यही है, वह दिव्यतम सुख की अनुभूति का महाद्वार, जहां से आसमानी बुलंदियां हमारे स्वागत समारंभ हेतु तत्पर दिखाई देती है। यही है वह चिरंतन शाश्वत सत्य के अनुसंधान का पथ जहां पर आगे बढ़ जाने पर फिर होकर भी नहीं होने की विराट संभावनाएं दस्तक देने लगती है। यही है वह अमृत का महाकोश, युग युगान्तर से जिसे हम खोजते आए हैं, और जिसकी छत्रछाया ने अनगिनत मानवों को महामानव के रूप में स्थापित कर दिया है।

## सूडोकु नवताल- 7738

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7737 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# देवी के उपासकों को पूरी भक्ति भाव से शैलपुत्री माता की आराधना करनी चाहिए

**विजय केसरी**

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन से नवरात्र का शुभारंभ हो जाता है। यह दिन हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए नव वर्ष का पहला दिन भी है। इस दिन संपूर्ण देश में वर्ष प्रतिपदा के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया जाता है। प्रतिपदा भारतीय संस्कृति का एक उच्चतम ज्योतिषीय पंचांग भी है। जिसका निर्माण हमारे आदि ऋषि मुनियों ने किया था। आज भी इसकी गणना पूरी तरह प्रमाणिक है। यह विश्व का पहला पंचांग कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है। आज के दिन हर एक भारतीय को नव वर्ष की शुभकामनाएं एक दूसरे को प्रदान करनी चाहिए। त्रेता युग में इसी पवित्र माह में नवमी के दिन में भगवान राम सहित लक्षमण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ था। भगवान राम के भक्तों और देवी के उपासकों को अपने-अपने आराध्य की भक्ति पूरे निर्मल मन करनी चाहिए। भगवान राम और माता दुर्गा का प्रादुर्भाव असत्य का नाश कर विजय का पताका फहराने के लिए हुआ था। आज माता शैलपुत्री की विशेष पूजा-अर्चना से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होता है। हिमालय की पुत्री होने के कारण माता का नाम शैलपुत्री पड़ा था।

आज माता वृषभ पर सवार होकर एक हाथ में त्रिशूल धारण कर दूसरे हाथ से भक्तों को आशीर्वाद दे रही मुद्रा में होती हैं। माता के स्वरूप को अर्थनारीश्वर कहा जाता है। अर्थात माता के रूप में भगवान शिव और पार्वती दोनों समाहित होते हैं। आज माता के इस स्वरूप की पूजा करने वाले उपासकों को भगवान शिव और माता पार्वती दोनों के आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। माता दुर्गा दुर्गति नाशनी है। माता दुर्गा कालनाशनी है। दुर्गा माता की आराधना से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। समस्त प्राणियों की सुख दात्रि देवी दुर्गा माता की कृपा से उनके भक्तगण सदा आनंद में रहते हैं। माता के भक्त दूसरे को भी आनंद प्रदान करते हैं। नवरात्र का यह पर्व दशहरा के नाम से जनमानस में प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि माता नौ दिनों तक अपने भक्तों की भक्ति प्राप्त कर, भक्तों के सभी प्रकार के कष्ट हर कर माता दसवें दिन विदा होती हैं। संसार में जितने भी प्रकार के सुख, शांति, समृद्धि और वैभव विद्यमान हैं। यह सब कुछ माता की ही कृपा है। माता की आराधना से भक्तों को जन्म जन्म के पाप मुक्ति मिलती हैं। श्री देवी पुराण में ऐसा वर्णन है कि मां की भक्ति से यश, बल, धर्म, आयु की वृद्धि होती है। मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्र अनुष्ठान का हमारे धर्म ग्रंथों में बहुत ही ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है। मां पुत्री रूप में हम सभी भक्तों के बीच उपस्थित होती हैं। हम सबों की भक्ति स्वीकार कर सुख, समृद्धि और शांति का आशीर्वाद देकर जाती हैं। साथ ही माता यह भी वादा कर जाती हैं कि अगले साल मैं पुनः आऊंगी। अपने भक्तों के प्रति मां का यह स्नेह अद्भुत और बेमिसाल है।

नवरात्र पर्व का हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों में बहुत ही महत्व है। आज दुनिया में जिस तरह की भी शक्तियां विद्यमान है। सभी दुर्गा माता की ही तेज से उत्पन्न हुई । मां की कृपा के बिना कोई भी शक्ति गतिशील नहीं हो सकती है। माता के उपासकों को यह विशेष रूप से जानना चाहिए कि नवरात्र में मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दिन शैलपुत्री माता। दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी माता। तीसरे दिन चंद्रघंटा माता। चौथे दिन कुष्मांडा माता। पांचवें दिन स्कंदमाता माता। छठे दिन कात्यानी माता। सातवें दिन कालरात्रि माता। आठवें दिन महागौरी माता और नवमी दिन सिद्धिदात्री माता की पूजा होती है। माता के हर रूपों का एक गौरवशाली इतिहास है, जो हमारी आंतरिक आध्यात्मिक शक्ति को ऊर्जा वान बनाती हैं। दुर्गा सप्तशती में यह बात दर्ज है कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है। किंतु माता कभी भी कुमाता नहीं हो सकती है। इस छोटे से वाक्य में हिंदू दर्शन की बहुत बड़ी बात छुपी हुई है। इसलिए हमारी रीति-रिवाज और धर्म संस्कृति में प्रारंभ से ही माता का ख्याल रखने के लिए कहा गया है। यह पर्व हमें दूसरों की मदद करने, दूसरों की भलाई करने और विश्व बंधुत्व की सीख भी प्रदान करता है।

पाप और पुण्य दोनों मां के ही पुत्र हैं। दोनों को मां समान रूप से जन्म देती हैं। लेकिन एक अपने प्रारब्ध कर्म के कारण पाप में परिवर्तित होता और दूसरा पुण्य में। जब सृष्टि में पाप बढ़ जाते हैं। तब पुण्य जनों के उद्धार के लिए माता प्रकट होती है। नवरात्र का पर्व सत्य और असत्य पर आधारित है। असत्य कितना भी विशाल क्यों ना हो जाए? वह कालजयी नहीं हो सकता है। उसे एक न एक दिन सत्य के हाथों पराजित होना ही होता है। नवरात्र का पर्व हम सबों को सत्य के साथ खड़े होने की सिख प्रदान करता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व सिर्फ भारत देश तक ही सीमित नहीं है। हिंदू धर्म को मानने वाले विश्व भर में जहां-जहां भी हैं, सभी नवरात्र व दशहरा का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। देश में प्रचलित सभी पर्वों के बीच नवरात्र पर्व का एक विशेष स्थान और महत्व है। इसे सब लोग बड़े ही धूमधाम के साथ और मिलजुल कर मनाते हैं। यह पर्व हम सबों को एक साथ मिलकर रहने की भी सीख प्रदान करता है।

देवी पुराण में वर्णन है कि अहंकारी महिषासुर को यह पता ही नहीं था कि उसके पास जो भी शक्तियां विद्यमान थीं। सभी मां की कृपा से ही प्राप्त हुई थी। महिषासुर की शक्तियां, मां की तेज का एक अंश भी नहीं था। उसे इस अंश पर इतना गुमान था। मां उन्हें अपनी पूर्ण शक्ति को प्रदर्शित करने का अवसर दे रही थीं। माता ने उसे अपनी गलती स्वीकार करने का भी अवसर पर अवसर प्रदान करती चली जा रही थीं।

## दैनिक पंचांग

**19 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.53 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 07.27 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.07 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.05 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.19 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.35 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 17.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 19.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.12 ब.से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | धनु | 00.28 बजे से |
| | | मकर | 02.33 बजे से |
| | | कुंभ | 04.20 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 78 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र(दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 06.53 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 04.53 बजे प्रात: को समाप्त **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 04.05 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **करण** नाग 06.53 बजे, किंस्तुघ्न 17.56 बजे तदनन्तर बव 04.53 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 00° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872653 **जूलियन दिन** 2461118.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 29 **विशेष** गुड़ी पड़वा, युगादी, चैत्र नवरात्रि, ज्योतिष दिवस।

**दिन का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 | बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.40 | से | 07.11 | बजे तक |
| चर | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| रोग | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| शुभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| अमृत | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान किसानों ने की मुआवजे की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी जिले में सोमवार और मंगलवार को अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि ने आम, तरबूज और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई इलाकों में तेज हवा के साथ गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी फसलों को बुरी तरह प्रभावित किया। सबसे ज्यादा असर आम की खेती पर पड़ा है। इस समय आम के पेड़ों में मंजर (फूल) लगे हुए थे, जो ओलावृष्टि के कारण झड़ गए। इससे इस वर्ष आम की पैदावार पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि वे अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन अचानक आए इस मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। सब्जी उत्पादक किसान भी इस आपदा से अछूते नहीं रहे। टमाटर, बैंगन, गोभी, मिर्च समेत अन्य सब्जियों की फसलें ओलों की मार से नष्ट हो गईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कर्रा प्रखंड के घुनसूली गांव के तरबूज उत्पादक किसान और ग्राम प्रधान लाल सिंह मुंडा ने बताया कि पहले ही खेती की लागत बढ़ने से मुश्किलें थीं, अब इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी स्थिति और खराब कर दी है। वहीं, इसी गांव के किसान रूपेश कुमार ने बताया कि उन्होंने छह एकड़ में तरबूज की खेती की थी, लेकिन ओलावृष्टि से पूरी फसल बर्बाद हो गई। उन्होंने कहा कि बारिश से ज्यादा नुकसान ओलावृष्टि ने पहुंचाया है, खासकर तरबूज और आम की फसल को। घुनसूली के किसान सिकंदर महतो ने बताया कि उन्होंने डेढ़ एकड़ में प्याज और टमाटर की खेती की थी, जो पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके।






## डीपीएस में स्वास्थ्य शिविर और प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, खूंटी में बुधवार को परिणाम दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोबरा बटालियन के एसी अभिषेक यादव और श्रीधर उपस्थित थे। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ विवेक, प्राचार्या ममता और उप-प्राचार्या माधुरी ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रदर्शनी में छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विज्ञान के प्रति अपनी समझ और नवाचार क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## साहिबगंज में नकली कीटनाशक बनाने के धंधे का भंडाफोड़, लाखों की सामग्री जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के महादेवरण गांव में बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की, एसडीओ अमर जान आइंद, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,सदर सीओ बासकी नाथ टुडू एवं मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने संयुक्त रुप से कारवाई करते हुए भारी मात्रा में इंडोफिल कंपनी का इलेक्टो नामक नकली किटनाशक दवा बनाने के धंधा का भंडाफोड़ किया है। कारवाई में 50 एम एल का 1610 डब्बा बरामद किया है जिसका अनुमानित बाजार मुल्य लगभग 21 लाख बताया जा रहा है। साथ ही चौबीस हजार स्टीकर सहित कुछ अन्य सामग्री बरामद किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रमुख जांच करता रंजित कुमार सिंह ने बताया कि इंडोफिल कंपनी की ओर से सूचना मिली थी कि मिजाचौकी महादेवरण गांव में खेती में प्रयोग करने वाला नकली कीटनाशक दवा का पैकेजिंग किया जा रहा है किसी के आधार पर टीम गठित करें कार्रवाई करते हुए नकली कीटनाशक बरामद किया गया।



## विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, छात्राओं ने मारी बाजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जलडेगा :** प्रखंड संसाधन केंद्र जलडेगा में मंगलवार को प्रारंभिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जलडेगा की छात्राएं चांदनी बड़ाईक एवं दिव्या केरकेट्टा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में पूजा कुमारी और संतोषी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, राजकीय कृत मध्य विद्यालय रामजड़ी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जलडेगा, प्लस टू उच्च विद्यालय ओडगा, राजकीय मध्य विद्यालय जलडेगा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय पैतानो, मध्य विद्यालय सीलिंगा एवं मेयोमडेगा सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजेश कुमार, शिव नारायण साहू, रहमली अंसारी, अमित कुमार, सोनाराम साहू, पुष्प लता कुमारी, निर्मल ज्योति जोजो, विश्राम लुगुन, आनंद कुमार, बेणेश्वर महतो, सुभाष कुमार साहू, जलेश्वर महतो, नवल किशोर सिंह, जयप्रकाश सिंह, भूपेंद्र बड़ाईक और अमित कुमार दास सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



## बाल श्रम रोकथाम को लेकर पाकरटांड़ में चला निरीक्षण अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पाकरटांड़ प्रखंड क्षेत्र में बाल श्रम रोकथाम को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रम अधीक्षक कार्यालय एवं डालसा की टीम ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रतिष्ठानों और ईंट भट्ठों में जांच के लिए पहुंचे। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि बाल मजदूरी एक अपराध है और किसी भी परिस्थिति में बच्चों से काम नहीं कराया जाना चाहिए। टीम ने चेतावनी दी कि बाल श्रम करते पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ विधि सम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पाकरटांड़ क्षेत्र में कहीं भी बाल मजदूरी का मामला सामने नहीं आया, जिसे सकारात्मक संकेत माना गया। अभियान में श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह और उनकी की टीम के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी लालचंद नायक,बालचंद सिंह एवं योगेंद्र पंडा उपस्थित रहे।

# कुरडेग में एकीकृत जेंडर रिसोर्स सेंटर सह वॉव हब का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुरडेग :** प्रखंड में 17-03-2026 को एकीकृत जेंडर रिसोर्स सेंटर सह वॉव हब का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद् उपाध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, बीपीएम खरछदर, ळफ्क्ष्क्ष्क्ष् कुरडेग एवं खिंडा मॉडल संकुल संगठन अधिकारीयों के द्वारा किया गया। यह पहल जिले में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और आजीविका से जुड़े प्रयासों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह पहल ऊअ -ठफ्छट के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी , ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया तथा मॉडल संकुल संगठन के सहयोग से विकसित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, यह मॉडल पारंपरिक महिला सहायता या आजीविका केंद्रों से अलग है, क्योंकि इसमें लैंगिक न्याय, लैंगिक आधारित अपराध से जुड़े मामलों में सहायता, महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ाना तथा कौशल और रोजगार समर्थन को एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है। इस मॉडल के तहत जेंडर रिसोर्स सेंटर महिलाओं को हकदारी योजनाओं से जोड़ना, अधिकारों और पात्रता की जानकारी, परामर्श सेवाएँ तथा अल्पकालीन ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। तथा इस केन्द्र के माध्यम से रेफरल सहायता प्रदान करती है और सरकार द्वारा जिले में चलाई जा रही वन स्टॉप सेंटर, सीडब्लूसी और कानूनी सेवा प्राधिकरणों के साथ समन्वय समन्वय स्थापित करेगी। वहीं, वॉव हब के माध्यम से महिलाओं को करियर काउंसलिंग, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार से जोड़ना, उद्यमिता मार्गदर्शन, ऋण सुविधा तथा मेंटरशिप उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस एकीकृत व्यवस्था का उद्देश्य सामाजिक या हिंसा से प्रभावित महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। अधिकारियों का कहना है कि GBV से जुड़े मामलों को आजीविका समर्थन से जोड़ने से महिलाओं की असुरक्षा के मूल कारणों पर काम किया जा सकता है और दीर्घकालिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है। यह पहल मौजूदा CLF संस्थागत ढांचे के भीतर संचालित की जा रही है। साथ ही ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं के साथ अभिसरण को भी बढ़ावा देती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने समाज में व्याप्त 'डायन प्रथा' जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया और पलायन के खतरों पर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों में बच्चों का शोषण होता है, जिसे रोकना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में नशा करने वाले युवाओं पर कड़ी गश्ती लगाने का अनुरोध भी किया।




## एक नजर

### केतूंगा धाम में भारतीय नववर्ष सम्मेलन 19 मार्च को, बैठक व भंडारा का आयोजन

बानो : केतूंगा धाम परिसर में विक्रम संवत 2083 के भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार,19 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे एक भव्य सम्मेलन एवं आवश्यक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों एवं शिव भक्तों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की विशेष व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।साथ ही धाम के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसके लिए सभी सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर सिमडेगा से प्रबुद्ध संरक्षक मंडली के माननीय भुनेश्वर सेनापति एवं नारायण दास जी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वे बैठक में अपना विशेष मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। समिति के उमेश साहू ने जानकारी देते हुए सभी श्रद्धालुओं और सदस्यों से कार्यक्रम में समय पर शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### घर के अंदर गिरने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र स्थित भुइयांडीह छायानगर में मंगलवार रात एक हादसे में 55 वर्षीय रवींद्र प्रसाद की मौत हो गई। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के परिजनों के अनुसार, रवींद्र प्रसाद रात करीब आठ बजे अपने घर में पलंग पर बैठकर टीवी देख रहे थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जैसे ही वे टीवी बंद करने के लिए उठे और नीचे उतरने लगे, अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जोर से जमीन पर गिर पड़े। गिरते ही उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरंत उन्हें इलाज के लिए लेकर निकले और करीब रात दस बजे एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनो ने बताया कि रवींद्र प्रसाद पिछले डेढ़ साल से डायबिटीज और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य पहले से ही कमजोर था। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घर में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ड्यूटी के बाद गेट पर गिरकर ठेका कर्मी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार की रात एक ठेका कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद बुधवार की सुबह परिजनों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान बमार्माइन्स निवासी सत्यनारायण निशाद के रूप में हुई है, जो टाटा स्टील में ठेका के तहत कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार सत्यनारायण निशाद की ड्यूटी दिन 2 बजे से रात 10 बजे तक थी। ड्यूटी समाप्त कर जैसे ही वे कंपनी गेट के बाहर निकले, अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना कंपनी प्रबंधन को दी। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का आरोप है कि मृतक के साथ काम करने वाली कंपनी और ठेकेदार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बुधवार की सुबह ठेकेदार द्वारा परिवार को सहयोग और उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सुबह 9:30 बजे तक ठेकेदार के नहीं पहुंचने से परिजनों का गुस्सा भड़क गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने उठाया सिंचाई सुविधा का मुद्दा



**सिमडेगा :** कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की कमी से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा जंगल एवं पहाड़ी है, जहां सिंचित भूमि बहुत कम है और किसान पूरी तरह वर्षा पर निर्भर हैं। विधायक द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-34 के जवाब में जल संसाधन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। विभाग के अनुसार, विगत वर्षों में 37 चेकडैम/श्रृंखलाबद्ध चेकडैम एवं 1 वृहद योजना का निर्माण किया गया है। साथ ही 18 तालाब, आहर एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन किया गया, जिससे लगभग 6294 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है।सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3 नए चेकडैम निमार्णाधीन हैं तथा 1 मध्यम सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन किया जा रहा है। इसके अलावा 1 नई योजना को प्रशासनिक स्वीकृति भी दी गई है, जिससे 426 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होने की संभावना है। सरकार ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में लघु सिंचाई योजनाओं के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है और भविष्य में तकनीकी एवं बजटीय स्वीकृति के आधार पर और योजनाएं शुरू की जाएंगी। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा इस मुद्दे को सदन में उठाने से क्षेत्र के किसानों को आने वाले समय में बेहतर सिंचाई सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

### सदन में उठा विशुनपुर चेकडैम व सिंचाई का मुद्दा, किसानों को राहत की मांग



**सिमडेगा :** तोरपा के माननीय विधायक श्री सुदीप गुड़िया जी ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुन्दारी पंचायत के ग्राम विशुनपुर में वर्ष 1968 में निर्मित चेकडैम एवं सिंचाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सदन में तारांकित प्रश्न के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि चेकडैम होने के बावजूद लिफ्ट इरिगेशन की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रश्न के उत्तर में सरकार ने स्थिति को स्वीकार करते हुए बताया कि योजना का सर्वेक्षण कर तकनीकी व्यवहार्यता की जांच की जाएगी तथा बजटीय प्रावधान के अनुरूप आगामी वर्षों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक सुदीप गुड़िया ने सरकार से मांग की कि किसानों के हित में शीघ्र लिफ्ट इरिगेशन व्यवस्था स्थापित की जाए, ताकि क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा।

### नव संवत्सर 2083 के स्वागत में सलडेगा होगा उत्सवमय, निकलेगी भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा




**सिमडेगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा सिमडेगा के तत्वावधान में नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन स्वागत हेतु कल एक भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक सुंदर प्रयास होगा। प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र कुमार पाठक जी ने बताया की कार्यक्रम के अंतर्गत शोभायात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर प्रिंस चौक होते हुए नीचे बाजार तक निकाली जाएगी। इस दौरान भैया-बहन, आचार्यगण एवं दीदी जी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करेंगे। विशेष रूप से बहनों द्वारा सुसज्जित कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी। पूरे मार्ग में नव वर्ष के स्वागत के उल्लासपूर्ण जयघोष, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक नारों से वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहेगा। आयोजन के माध्यम से समाज में नव वर्ष विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं प्रेषित की जाएंगी तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाएगी।

### नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रानी टूटी ने ली शपथ, उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं



**खूंटी :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत खूंटी नगर पंचायत को नई नेतृत्व टीम मिल गई है। बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रानी टुटी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 19 तक के सभी निर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त आर. रॉनिटा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी पार्षदों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरना सभी जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में अपने दायित्वों को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## एक नजर

### अवैध महुआ शराब भट्टी ध्वस्त, 4000 किलो जावा महुआ नष्ट

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लतारसीका में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों को भी नष्ट कर दिया गया तथा करीब 4000 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। यह छापेमारी बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। उत्पाद निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा ने बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद को सूचना मिली थी कि लतारसीका गांव में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से कई अस्थायी भट्ठियां, ड्रम, पाइप, प्लास्टिक कंटेनर और अन्य उपकरण बरामद हुए, जिनका उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जा रहा था। साथ ही भारी मात्रा में जावा महुआ भी मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि उसका दोबारा इस्तेमाल न हो सके। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध कारोबार में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। विभाग द्वारा उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते इस पर रोक लगाई जा सके।

### स्कूल में हंगामा कर रहे युवक को किया पुलिस के हवाले

पश्चिमी सिंहभूम: पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र स्थित जोजोगुटू गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक स्कूल परिसर में घुसकर हंगामा करने लगा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर युवक को काबू में किया और रस्सी से बांध दिया, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार युवक अचानक स्कूल में घुस आया और बेवजह उत्पात मचाने लगा। उसने प्रधानाध्यापक गुरेश दाराय के साथ हाथापाई की और शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के बीच दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख शिक्षकों और कुछ छात्रों ने साहस दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया। काफी मशक्कत के बाद उसे काबू कर रस्सी से बांधा गया, ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके। बाद में युवक की पहचान रमेश गुड़िया (20) के रूप में हुई, जो इसी विद्यालय का पूर्व छात्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना के समय वह नशे की हालत में था। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। विद्यालय की शिक्षिका नीता चेरुवा ने बताया कि रमेश पहले पढ़ाई में अच्छा था, लेकिन नशे की लत ने उसका जीवन प्रभावित कर दिया। वहीं उसके बड़े भाई ने घटना पर खेद जताया और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए प्रयास करने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी की समस्या को उजागर करती है, जो युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही है और सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर डाल रही है।

# रामनवमी, गुड फ्राइडे, ईस्टर, ईद, सरहुल एवं चैती दुर्गापूजा के मद्देनजर जिला शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के कृषि उत्पादन बाजार समिति में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था, जनसुविधाओं एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए एवं प्राप्त समस्याओं के त्वरित तथा समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ने सभी जिलेवासियों को आगामी पर्वों की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने-अपने पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाने के साथ-साथ दूसरों के त्योहारों का भी सम्मान करें—यही हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार न करें। सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी सूचना को प्रशासन से पुष्टि के बाद ही साझा करें। उपायुक्त ने शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन की व्यापक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने शांति बनाए रखने के लिए पाँच मूल मंत्र दिए– संयम एवं सब्र रखें खबर रखें, लेकिन अफवाह न फैलाएं, सत्यापन के बाद ही सूचना साझा करें, आसपास की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें, एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करें।उन्होंने कहा कि त्योहार खुशियां बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनाएं जिसमें सभी लोग परिवार सहित सुरक्षित एवं आनंदपूर्वक शामिल हो सकें।

### ईद पर्व को लेकर 18 से 20 मार्च तक नो-एंट्री समय में बदलाव, रात्रि 12 बजे खुलेगा मार्ग

**पाकुड़ :** ईद पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुगम यातायात बनाए रखने हेतु 18 मार्च से 20 मार्च तक नो-एंट्री के समय में आंशिक बदलाव किया गया है। इस अवधि में पाकुड़ शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी, जिसे प्रतिदिन रात्रि 12:00 बजे खोला जाएगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि ईद पर्व के दौरान शहर में बढ़ती भीड़-भाड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आमजनों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

उपायुक्त ने जुलूसों के दौरान शराब या किसी मादक पदार्थ के सेवन पर पूर्ण रोक सुनिश्चित करने तथा अश्लील या आपत्तिजनक गीतों के प्रसारण से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के निर्धारित रूट चार्ट में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। जिले में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, प्रकाश व्यवस्था आदि को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। 247 जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा तथा सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

## नेशनल मेडिकल के द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण गुल्लीभट्ठा निवासी महिला की हुई मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के एलसी रोड स्थित नेशनल मेडिकल में बुधवार के दोपहर नगर थाना क्षेत्र के गुल्ली भट्ठा निवासी महिला वीणा देवी उम्र 65 वर्ष पति राजाराम पासवान अपना इलाज करवाने के लिए गई हुई थी जहां नेशनल मेडिकल के द्वारा उक्त महिला को एक एंटीबायोटिक इंजेक्शन दे दिया गया जिसके तुरंत बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसकी मौत मौके पर ही हो गई। उधर मामला बिगड़ता देख नेशनल मेडिकल के फार्मासिस्ट मो. गुड्डन ने महिला के परिजनों को फौरन बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार ने इलाज करते हुए उक्त महिला वीणा देवी को मृत घोषित कर दिया। वही सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार ने मामले में पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की मौत गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण हुई है। उधर परिजनों ने मामले की जानकारी तुरंत नगर थाना क्षेत्र की पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मृतक महिला के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। उधर पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## सुदूरवर्ती इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उधवा में खुले डिग्री कॉलेज विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गैर सरकारी संकल्प प्रश्न के तहत राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग को प्रमुखता से रखे हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से विभाग को अवगत कराते हुए कहे कि 26 पंचायत का उधवा प्रखंड जहां सुदूरवर्ती इलाकों में दियारा क्षेत्र भी है। साथ ही सीमावर्ती प्रखंड बरहरवा व पतना का कई पंचायत भी डिग्री कॉलेज से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की लड़के लड़कियां हैं संस्थान नहीं होने के कारण अधिकांश बच्चे इंटरमीडिएट के बाद अपना पढ़ाई समाप्त कर देते हैं। अगर सरकार डिग्री कॉलेज खोलने की दिशा में पहल करती है तो उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे। उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मामले पर सदन के माध्यम से उत्तर देते हुए कहे की सरकार इस दिशा में अपनी सकारात्मक विचार रखती है और उधवा प्रखंड क्षेत्र में विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द ही डिग्री कॉलेज खोलने की दिशा में पहल होगी। इधर डिग्री कॉलेज खोले जाने की मांग और सरकार के माध्यम से प्राप्त सकारात्मक आश्वासन के उपरांत पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के आमजन एवं अभिभावक सहित छात्र-छात्राओं ने विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। आईटीआई कॉलेज में संचालित एसएफसीआई गोदाम खाली कराकर सत्र प्रारंभ करने की मांग।

## संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिले के पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन तथा आगामी पर्वों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, जुलूस के दौरान ड्रोन से मॉनिटरिंग, जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन तथा मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जुलूस मार्ग में लटके बिजली के तार, क्षतिग्रस्त खंभे एवं ईंट-पत्थरों को हटाने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। अपराध समीक्षा के दौरान बताया गया कि फरवरी माह में दर्ज 55 कांडों के मुकाबले 63 कांडों का निष्पादन किया गया है। शेष लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पुलिस मुख्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बोलेरो वाहन एवं पूर्व में दिए गए मोटरसाइकिलों का उपयोग करते हुए चोरी, गृहभेदन एवं छिनतई जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सघन गश्ती एवं जांच अभियान चलाया जाएगा। अवैध कोयला, पत्थर एवं बालू के उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स के साथ नियमित छापेमारी अभियान चलाने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं, पिछले पांच वर्षों में संपत्तिमूलक अपराधों में संलिप्त दोषियों का नाम दागी पंजी में तथा पोक्सो एवं अन्य मामलों के अपराधियों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज कर सतत निगरानी रखने का आदेश दिया गया।

## सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए ईद व रामनवमी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** ईद व रामनवमी के मद्देनजर विधि व्यवस्था को लेकर बोरियो थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ नागेश्वर साव ने की। बैठक में पुलिस निरीक्षक नुनू देव राय, थाना प्रभारी रोहित कुमार, एएसआई प्रभा शंकर दुबे, कमलेश सिंह उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि ईद एवं रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। राम नवमी के जुलूस के दिन असामाजिक तत्वों पर खास नजर रखनी है। सरकार के गाइड लाइन का पालन करते हुए पर्व मनाएं। आपसी सदभाव व शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि किसी भी जाति, समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले गाना बजते हीं कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया, व्हाट्सअप, फेस बुक, इंस्टाग्राम पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर संबंधित ग्रुप के एडमिन पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की कि उपद्रव की सूचना स्थानीय प्रशासन को दें। मौके पर जयकांत भगत, श्याम प्रसाद वारि, मो. रिजवान अंसारी, मो. जहांगीर अंसारी, अटल दत्ता, चंदन शर्मा, चैती दुर्गा पूजा समिति के रंजीत साह आदि थे।

# मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत दो ट्रैक्टर का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले में वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत भूमि संरक्षण कार्यालय, पाकुड़ द्वारा क्रियान्वित मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत आज उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा दो बड़े ट्रैक्टर का वितरण किया गया।समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुचित एक्का सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कृषि क्षेत्र में आएगी गति, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर**

ट्रैक्टर प्राप्त करने के उपरांत लाभुक किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से कृषि कार्यों में तेजी आएगी तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस योजना के तहत रोमाना स्वयं सहायता समूह, भवानीपुर एवं शांति लता स्वयं सहायता समूह, पाकुड़िया को ट्रैक्टर का लाभ प्रदान किया गया।

**अनुदान आधारित योजना से किसानों को बड़ी राहत**

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत लाभुकों को ट्रैक्टर पर 50% अनुदान तथा अन्य कृषि यंत्रों पर 80% तक अनुदान का प्रावधान है, जिससे किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण सुलभ हो पा रहे हैं। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि एवं कृषि के आधुनिकीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता से खेती-किसानी को आसान, सुलभ एवं अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उपायुक्त ने लाभुकों से अपील किया कि वे इन संसाधनों का समुचित उपयोग करें तथा अन्य किसानों को भी आधुनिक कृषि पद्धतियों के प्रति प्रेरित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** समाहरणालय सभागार में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुरक्षण योजना, आयुष्मान भारत योजना, 15वां वित्त आयोग, पीएम-अभीम तथा बीपीएचयू से संबंधित बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। डीसी ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे बैठक के अंत में डीसी ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### 'जल महोत्सव पखवाड़ा' के तहत जागरूकता जल रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**साहिबगंज:** जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती के हाथों 'जल महोत्सव पखवाड़ा' के अंतर्गत जागरूकता अभियान के तहत 'जल रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके प्रति आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह जल रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों का भ्रमण करेगा तथा लोगों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल की बबार्दी रोकने के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने बताया कि जल रथ के माध्यम से जन-जन तक जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाए जाएंगे तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे जल के सतत उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे।

### बाइक-टोटो की टक्कर में तीन घायल, रेफर



**साहिबगंज:** तीनपहाड़-बोरियो मुख्य मार्ग पर रक्सी स्थान (बेड़ा मोड़) के पास बुधवार को बाइक चालक और टोटो चालक के बीच आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक सहित तीन लोग घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगामा निवासी विक्की कुमार शर्मा (28), परदेसी रविदास (65) बाइक से बोरियो की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बोरीयो की तरफ से आ रहे तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के इनायत पुर निवासी टोटो चालक संजय पासवान (35) के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों एवं आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में तीनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. अनिल कुमार ने प्रस्तुत किया शोध पत्र, एलोवेरा के गुणों पर डाला प्रकाश



**साहिबगंज:** बुधवार को साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ. अनिल कुमार ने तीन दिवसीय थर्ड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फ्रंटियर एरियाज ऑफ केमिस्ट्री में अपना शोध पत्र आभासी माध्यम से प्रस्तुत किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार में आयोजित किया गया था, जिसका आयोजन डॉ. देवदत्त चतुर्वेदी के निर्देशन में किया गया। इस सम्मेलन में डॉ. अनिल कुमार ने एफटीआईआर कैरेक्टराइजेशन ऑफ बायोएक्टिव मॉलिक्यूल्स इन एली वेरा जेल ड्राई पाउडरह्व विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। अपने शोध में उन्होंने एलोवेरा जेल ड्राई पाउडर में पाए जाने वाले बायोएक्टिव मॉलेक्यूल्स का विश्लेषण एफटीआईआर तथा अन्य स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीकों के माध्यम से किया। डॉ. अनिल कुमार वर्तमान में साहिबगंज क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय पौधों जैसे एलोवेरा, नीम, चिरोटा तथा तुलसी पर शोध कार्य कर रहे हैं। इन पौधों में पाए जाने वाले विभिन्न बायोएक्टिव यौगिकों का कैरेक्टराइजेशन आधुनिक स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें आईआईटी धनबाद का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। अपने व्याख्यान में डॉ. अनिल कुमार ने एलोवेरा के विभिन्न उपयोगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका प्रयोग फार्मास्यूटिकल्स, नेचुरल कॉस्मेटिक्स, फूड प्रिजर्वेटिव्स, एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी तथा वूंड हीलिंग* जैसे क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि एलोवेरा जेल में पॉलिसैकेराइड्स, ग्लाइकोप्रोटीन, फेनोलिक यौगिक तथा अन्य सूक्ष्म घटक* पाए जाते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्रकृति में पाए जाने वाले औषधीय पौधे मानव जीवन के लिए अनमोल रत्न हैं, जिनमें अनेक औषधीय गुण विद्यमान हैं। भविष्य में इन प्राकृतिक स्रोतों से विकसित औषधियाँ मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। डॉ. अनिल कुमार की लगन, शोध के प्रति समर्पण तथा निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि उन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं तथा कई पुस्तकों की रचना भी की है।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में स्मैक पार्टी के दौरान चली गोली

**पटना (एजेंसी)** बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके की दुजरा देवी स्थान मंदिर के पीछे स्मैक पार्टी के दौरान एक युवक को गोली लगी है। उसकी पहचान मैनपुरा के रहने वाले आकाश कुमार के तौर पर हुई है। आकाश अपने नशेड़ी दोस्तों के साथ मिलकर मंदिर के पीछे पार्टी कर रहा था। इसी बीच उसकी गोली लग गई। गोली लगने के बाद आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। दोस्त आकाश को मंदिर के पीछे से लेकर अस्पताल गए। इसकी सूचना किसी को नहीं दी। छिपकर एक निजी अस्पताल में इलाज कर रहे थे। इसी बीच इसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर आकाश कुमार का स्टेटमेंट रिकॉर्ड की है। उसने पुलिस को बताया है कि सभी दोस्त दूजरा मंदिर के पीछे बैठे थे। इसी बीच किसी अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी। आकाश का स्टेटमेंट लेने के बाद पुलिस ने उसके दोस्तों का भी स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया, जिसमें दोस्तों ने पुलिस को बताया कि गोली आकाश के ही पिस्तौल से लगी थी। किसी ने गोली मारी नहीं है। आकाश बचने के लिए हम लोग को बताया था कि पुलिस जब पूछेगी तो बता देना किसी ने गोली मार दी है। बुद्धा कॉलोनी थाने में केस दर्ज पुलिस ने आकाश के बयान के आधार पर केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल, आकाश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आकाश का पहले भी अपराधी के इतिहास रहा है। पुलिस इस एंगल से भी छानबीन कर रही है।

### गंगा पथ पर दीघा गोलंबर के पास ब्रांडेड कंपनियों के 85 फूड कैफे खोले जाएंगे

**पटना (एजेंसी)** गंगा पथ पर दीघा गोलंबर के पास प्रस्तावित स्ट्रीट वेंडिंग जोन का प्रस्ताव पूरी तरह बदल दिया गया है। अब गंगा पथ के फुटपाथ वाले हिस्से में ब्रांडेड कंपनियों के ही स्टॉल लगाए जाएंगे। इसे फूड कैफे कहा जाएगा। पटना नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नए सिरे से तैयारी शुरू की है। गंगा पथ के इस हिस्से में 85 फूड कैफे खोले जाएंगे। जगह और स्टॉल की डिजाइन सबकुछ नया होगा। इसके लिए फूड चेन व रेस्टोरेंट-होटल के क्षेत्र वाली बड़ी कंपनियों को बुलाया जाएगा। जल्द ही टेंडर जारी कर आवेदन लिया जाएगा। पुरानी योजना के तहत पिछले महीने गंगा पथ पर लगाए गए करीब 200 स्ट्रीट वेंडिंग स्टॉल को वहां से हटा दिया गया है। अब यहां सबकुछ नए सिरे से होगा। 1 लाख रुपए हो सकता है किराया : गंगा पथ में पटना स्मार्ट सिटी के फंड से विभिन्न सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में दीघा गोलंबर से आगे वाले हिस्से में फूड कैफे के लिए जगह तैयार की जाएगी। चूंकि पटना स्मार्ट सिटी को अब अपनी कमाई के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने हैं, इसलिए ब्रांडेड कंपनियों से फूड कैफे के लिए मोटी रकम ली जाएगी। बताया गया है कि एक फूड स्टॉल का किराया कम से कम 1 लाख रुपए तक हो सकता है। नए फूड कैफे खुलने के साथ ही यहां लोगों को बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी। पार्किंग की बेहतर व्यवस्था होगी, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। शहर में स्ट्रीट वेंडरों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की योजना पर पटना नगर निगम काम कर रहा है। विभिन्न जगहों पर 32 वेंडिंग जोन के लिए जगह चिह्नित की जा रही है। जिन इलाकों में सड़कों पर अतिक्रमण है, उसपर विशेष फोकस है। दीघा गोलंबर के पाथ-वे में दुकान लगाने वाले वेंडरों को नई जगह का विकल्प दिया गया है। पिछले महीने वेंडरों का प्रतिनिधिमंडल डीएम व नगर आयुक्त से भी मिला। वेंडरों को बताया गया है कि अब उन्हें अटल पथ वाले हिस्से में नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने की तैयारी है। इस कारण प्रोजेक्ट में बदलाव हुआ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गंगा पथ में वेंडिंग जोन की योजना बनी थी। टेंडर फाइनल कर 500 में से 200 दुकानें भी बना दी गईं। इन स्टॉलों को गंगा पथ पर रखा जाने लगा।

### फाइनल में सारण स्ट्राइकर्स को कांटे की टक्कर में 24-21 से हराया

**पटना (एजेंसी)** बिहार वीमेंस कबड्डी लीग सीजन-2 में सारण स्ट्राइकर्स को 24-21 से हराकर मगध वॉरियर्स की टीम चैंपियन बन गई। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर हॉल में खेले गए फाइनल में आखिर तक रोमांच कायम रहा। लेजर लाइट्स की चकाचौंध व तेज संगीत के साथ जोरदार कमेंट्री से दर्शक दीर्घा में भी जबर्दस्त उत्साह दिखा। प्रो कबड्डी लीग के मैचों के तरह माहौल में बिहार की बेटियों ने जोरदार तरीके से एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए खूब जोर आजमाया। मैच के शुरूआत में भारी दिख रही मगध वॉरियर्स की टीम को एक-एक प्वाइंट के लिए सारण स्ट्राइकर्स की खिलाड़ियों से जूझना पड़ा। खेल के अंतिम 7 मिनट तक कुछ इस तरह का माहौल रहा कि कौन जीतेगा, बताना मुश्किल लग रहा था। इस मैच में सारण की मुस्कान ने कई मौके पर जोरदार तरीके से रेड कर अपनी टीम को अंक दिलाए। मुस्कान फाइनल की बेस्ट रेडर रही जबकि मगध की मनीषा को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। बाद में चैंपियन बनी मगध वॉरियर्स टीम को पुरस्कार स्वरूप 6.50 लाख रुपए के साथ विनर्स ट्रॉफी, रनर्स अप सारण स्ट्राइकर्स को 3.50 लाख और तीसरे स्थान पर रही सीवान टाइटंस को 2.50 लाख रुपए का चेक दिया गया। साथ ही लीग की बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर और ओवर ऑल बेस्ट प्लेयर को नकद राशि के साथ एक-एक स्कूटी मिलेगी

### चीना कोठी में ड्रग धंधेबाजों को पकड़ने गई टीम पर हमला

**पटना (एजेंसी)** । बुद्धा कॉलोनी थाना की चीना कोठी में ड्रग्स के धंधेबाजों को पकड़ने गई नार्कोटिक्स टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। करीब 100 महिला-पुरुषों ने पथराव कर दिया। इसमें टीम के एक-दो सदस्यों को चोट लगी। टीम ने धंधेबाज आकाश धांगर को पकड़ लिया। उसके छुड़ाने के लिए स्थानीय लोग उलझ गए। इसी बीच टीम ने चार राउंड फायरिंग कर दी। सूचना पर बुद्धा कॉलोनी समेत आसपास के थानों की पुलिस वहां पहुंची। आकाश के पास से 54 पुड़िया स्मैक और 6700 रुपए नकद बरामद हुए। नार्कोटिक्स टीम बिना थाने को सूचना दिए स्लम एरिया में चली गई। टीम के चार सदस्य सादी वर्दी में थे। जबकि पुलिस मुख्यालय का आदेश है कि जहां भी टीम छापेमारी करने जाए, स्थानीय थाने को भी साथ में रखा जाए। विधि-व्यवस्था एसडीपीओ वन कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मामले में 30 को नामजद किया गया है। 70 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। आकाश धांगर पहले भी स्मैक और शराब बेचने के आरोप में जेल जा चुका है। जब्त 54 पुड़िया स्मैक का वजन 6 ग्राम है। 50 हजार नकद और स्मैक फेंक दिया नाले में : धंधेबाजों ने सीसीटीवी कैमरा भी लगा रखा था। जैसे ही चार अनजान लोगों को देखा, सतर्क हो गए। एक-दूसरे कॉल कर बता दिया। टीम जब आकाश को पकड़कर ले जाने लगी तो धंधेबाजों ने घेर लिया। जब थानों की पुलिस पहुंची तो करीब 50 हजार रुपए और स्मैक को नाले में फेंक दिया। आकाश ने पूछताछ में बताया कि शुभम और सोनू नामक दो धंधेबाज स्मैक लाकर देते हैं। मंगलवार को पथराव और हमला कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी पिछले दो साल में चार बार हमला हो चुका है। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ करने के साथ ही धंधेबाजों को छुड़ाकर ले गए थे। इसमें महिलाओं को आगे रखा जाता है।

# नीतीश कुमार का 'उत्तराधिकारी' तय ! सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रख बोले — 'बिहार को अब आप ही संभालिए'

**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमुई की जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के अगले सीएम के नाम से पर्दा हटा दिया है? ये अलग बात है कि बीजेपी अपना सीएम तय करेगी. मगर सीएम नीतीश ने अपनी पसंद साफ कर दी है.

Nitish Kumar Samrat Chaudhary Next CM Bihar : बिहार से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने वाले हैं. मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली होने वाली है. ऐसे में वो सम्राट चौधरी पर भरोसा दिखा रहे हैं. ये बात हम ऐसे ही नहीं कह रहे हैं. दरअसल, राज्यसभा जाने के लिए उन्होंने अपना नामांकन किया, इसके बाद उनके समर्थन में उन्होंने 44 वोट हासिल किए. अब उनका राज्यसभा जाना तय है. लेकिन राज्ससभा जाने से पहले वो लगातार Samrat choudhary पर अपना भरोसा और विश्वास जताते नजर आ रहे हैं. आज उन्होंने जमुई में समृद्धि यात्रा में यह साफ कह दिया है कि आगे यही सब काम देखेंगे. राज्यसभा जाने से पहले सियासी मैसेज? बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जाना लगभग तय माना जा रहा है. नामांकन के बाद उन्हें पर्याप्त समर्थन भी मिल चुका है. ऐसे में बिहार की राजनीति में यह सवाल उठने लगा है अगर नीतीश केंद्र



की राजनीति में जाते हैं, तो बिहार की कमान किसके हाथ में होगी? जमुई की सभा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सवाल पर विराम लगा दिया है. माना जा रहा है कि मंच से नीतीश कुमार का सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रख कर ये कहना अब आगे यही सब देखेंगे उन सवालों पर विराम लगाने के लिए काफी है. मंच पर दिखी बॉडी लैंग्वेज पॉलिटिक्स राजनीति में शब्दों के साथ-साथ बॉडी लैंग्वेज भी बहुत मायने रखती है. बिहार की राजनीति में हर कदम का एक खास मकसद होता है. मगर आज जो मैसेज मुख यमंत्री नीतीश कुमार देते नजर आए हैं उससे ये साफ होता है कि में सम्राट चौधरी न केवल उनकी पहली पसंद हैं बल्कि उनके चहेते भी हैं. सीएम नीतीश ने ऐसे जताया सम्राट पर भरोसा नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा सार्वजनिक मंच से भरोसा जताया आगे यही सब काम देखेंगे जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया 12 मार्च को भी दे चुके हैं संकेत पाठकों को याद दिला दें नीतीश कुमार ने ऐसा पहली बार नहीं किया है. इससे पहले 12 मार्च को भी उन्होंने एक जनसभा में कहा था कि उनकी नजर में सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त चेहरा हैं. लगातार दो बार इस तरह के बयान आने से यह चर्चा और मजबूत हो गई है. ऐसे में माना जा रहा कि बिहार को को बाद अगला मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रूप में मिलने वाला है. के शीर्ष नेतृत्व के पास है. फिर भी, नीतीश कुमार की ओर से इस तरह का सार्वजनिक समर्थन राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है. वैसे भी बिहार में ये बात तो लगभग तैय है कि बीजेपी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पसंद ना पसंद का ध्यान रखना होगा. नीतीश भले ही राज्यसभा जा रहे में मगर बिहार की कमान अभी भी उनके ही हाथ में होगी. संकेत या रणनीति? जमुई की सभा में दिया गया बयान सिर्फ एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे सत्ता हस्तांतरण के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. अब नजर इस बात पर है कि क्या नीतीश कुमार राज्यसभा जाने से पहले सम्राट चौधरी के हाथ बिहार की सत्ता सौंपना चाहते हैं? और क्या सम्राट चौधरी को बिहार की कमान मिलती है? फिलहाल, बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का बयान और बॉडी लैंग्वेज बड़ा क्लू बना हुआ है.

## पटना के कंकड़बाग एरिया को जलजमाव से मिलेगी राहत



**पटना (एजेंसी)** पटना के भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास जल निकासी के लिए अत्याधुनिक नए ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। बरसात के दौरान पटना वासियों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए बुडको द्वारा नंदलाल छपरा डीपीएस को योगीपुर नाले से जोड़ा जा रहा है। भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास बॉक्स कलवर्ट और डायवर्जन ड्रेन को बाइपास ड्रेन की ओर जोड़ने का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 3.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत योगीपुर नाले का पानी नवनिर्मित डीपीएस तक पहुंचाया जाएगा। इस बदलाव से योगीपुर नाले के पानी को अब नंदलाल छपरा स्थित नए पंपिंग स्टेशन की मदद से डायवर्ट किया जा सकेगा, जिससे पहाड़ी डीपीएस का भार कम होगा। प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने पदाधिकारियों को निर्माण कार्य को मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे आगामी मानसून से पहले इस प्रणाली को चालू किया जा सके। इस नई प्रणाली के चालू होने से शहर के कई इलाकों में मानसून के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे कंकड़बाग इलाके के लोगों का फायदा मिलेगा। योगीपुर नाले के पानी को सीधे नए डीपीएस से जोड़कर जल निकासी की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। यह परियोजना कंकड़बाग क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पति ने पुलिस बुलाई, मायके वाले भी पहुंचे, पटना के जक्कनपुर थाना में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

**पटना (एजेंसी)** पटना के जक्कनपुर इलाके के करबिगहिया के पास एक होटल में शादीशुदा महिला दोस्त के साथ कमरे में ठहरी थी। इसकी खबर महिला के पति को मिल गई। पति ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला लिया। इतना ही नहीं, पति ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को भी कॉल कर दिया। खबर लगते ही सभी होटल पहुंचे और महिला अपने दोस्त के साथ होटल के कमरे में रंगे हाथ पकड़ी गई। इसके बाद होटल से लेकर थाने तक घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। महिला का मायके राम कृष्ण नगर और ससुराल पटना सिटी इलाके में है। महिला और उसके प्रेमी दोनों शादीशुदा हैं। जिस लड़के के साथ महिला पकड़ी गई, वह झारखंड दुमका का रहने वाला है। पटना के राजीव नगर इलाके में रहकर एसएससी की तैयारी करता है। एसएससी की तैयारी करता है लड़का महिला के दोस्त ने पुलिस को बताया कि, अपने दोस्त सिद्धार्थ




के कहने पर वह महिला की मदद करने आया था। उसका महिला से कोई संबंध नहीं है। मेरा दोस्त सिद्धार्थ और महिला पहले से एक दूसरे को जानते हैं।' उसने बताया कि, मेरे दोस्त सिद्धार्थ ने मुझे बताया था कि महिला के पति ने उसके साथ मारपीट की है। घर से बाहर निकाल दिया है। तुम पटना में हो तो जरा मदद कर दो। मदद के लिए मैं राजीव नगर से आया था। देर रात होने के चलते होटल के कमरे में दोनों ठहर गए थे। लड़के से बातचीत करती है पत्नी महिला के पति का आरोप है कि शादी के बाद भी पत्नी एक लड़के से बात करती थी। मैंने उसका नंबर वगैरह सब कुछ ब्लॉक कर दिया था। मेरी उससे बहस भी हुई थी। मैंने उसको समझाया भी था। फिर भी पता नहीं कैसे उसके संपर्क में है। एक दो साल का बच्चा है, इसका भी उसे ख्याल नहीं है।' पति का कहना है कि, जब भी पत्नी को समझाने-बुझाने का प्रयास करता हूं। मेरे ऊपर मारपीट का लांछन लगाकर थाने पर पहुंच जाती है। सोमवार की रात वह बिना बताए निकल गई थी। मंगलवार की सुबह पता चला कि होटल में ठहरी है। लड़के के पक्ष में थे लड़की के परिजन महिला पक्ष की ओर से उसकी मां, बहन, भाई, मामी और मामा जक्कनपुर थाने पर आए थे। वह सभी महिला पर ही आरोप लगा रहे थे। महिला के मायके पक्ष की लोगों का कहना था कि, जब भी हम लोग समझाने का प्रयास करते हैं, हम लोगों के खिलाफ ही खड़ी हो जाती है। जो भी की है, यह बिल्कुल गलत है।' महिला के परिजनों का कहना है कि, पहले तो जिस लड़के से बातचीत करती है, जो दोस्त पकड़ा गया है, उसे थाने पर बुलाएं। इसे हम लोग अपने घर भी नहीं ले जा सकते हैं। वहां से भी कभी भी भाग सकती है। - र-पांच घंटे तक चला ड्रामा इस मामले को लेकर थाने पर ही चार-पांच घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पति, महिला और उनके परिजन काफी देर तक थाने पर ही मौजूद थे। बाद में पुलिस ने समझा बुझाकर महिला और उसके परिजनों को घर भेज दिया।

## एजेंसी के बाहर भोर से लाइन में लगे रहे लोग, सिलेंडर नहीं मिलने पर हंगामा

**पटना (एजेंसी)** शहर में गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान हैं। मंगलवार को सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने जक्कनपुर स्थित पाटली गैस एजेंसी पर हंगामा किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि रविवार को गैस का वितरण हुआ था। सोमवार को एजेंसी बंद रही। मंगलवार को एजेंसी खुली, लेकिन बहुत लोगों को बिना सिलेंडर दिए लौटाया गया। स्थानीय ओम प्रकाश ने कहा कि सुबह 3 बजे से लाइन में खड़े रहे, पर दोपहर तक गैस नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों का आरोप था कि गैस सिलेंडर आ रहा है। लेकिन, वितरण सही से नहीं हो रहा है। जो लोग पैसा अधिक दे रहे हैं, उनको गैस मिलने में परेशानी नहीं हो रही है। जक्कनपुर की सोनी कुमारी ने कहा कि दो दिन पहले बुकिंग होने के बावजूद गैस नहीं मिली। गोपाल कुमार ने कहा कि गैस नहीं है। बच्चे भूखे हैं। दो दिन से कंधे पर सिलेंडर लेकर आ रहा हूं, लौट जा रहा हूं। जानकारी पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। उधर, आशियाना-दीघा रोड स्थित सिमोली गैस एजेंसी से लोग खाली सिलेंडर लेकर वापस लौटे। अमित कुमार ने कहा कि सुबह 5 बजे गैस एजेंसी पहुंचे तो 48 लोगों के पीछे सिलेंडर रखकर लाइन में लगे। लेकिन, गैस का ट्रक नहीं आया। खाली सिलेंडर लेकर लौटना पड़ा। गर्दनीबाग स्थित सत्या गैस एजेंसी पर काफी संख्या में लोग खड़े रहे। इसी तरह जिले की अन्य एजेंसियों पर लोग गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रहे हैं। प्रशासन का दावा : हर दिन 41 हजार सिलेंडर की बिक्री जिला प्रशासन ने मंगलवार को 41,094 गैस सिलेंडर बिक्री का दावा किया। एडीएम सप्लाई और विशिष्ट अनुभाजन अधिकारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि जिले में 136 गैस एजेंसी हैं। 16,65,360 उपभोक्ता हैं। अबतक 5,50,120 गैस की बुकिंग हुई है। एक दिन में औसतन 35,461 बुकिंग की जा रही है। जबकि, दैनिक गैस सिलेंडर की औसत बिक्री की संख्या इससे लगभग 6 हजार अधिक है। अभी 41,094 सिलेंडर की बिक्री हो रही है। एजेंसियों के पास एलपीजी की कमी नहीं है। परेशानी होने पर जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर - 0612-2219810 पर कॉल करें। तत्काल सहायता पहुंचाई जाएगी। पैनिक होकर बुकिंग करने की जरूरत नहीं है। जिले में बुकिंग के बावजूद 1,51,381 लोग नया गैस सिलेंडर लेने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रतिदिन 32000 सिलेंडर आ रहे हैं। आईओसीएल के 20 हजार, बीपीसीएल के 9 हजार और एचपीसीएल के 3 हजार सिलेंडर हैं। जिले में आईओसीएल की 73 गैस एजेंसियों के 9,59,689 उपभोक्ता हैं। बीपीसीएल की 40 गैस एजेंसियों के पास 4,76,783 और एचपीसीएल की 23 एजेंसियों के पास 2,28,888 उपभोक्ता हैं।

## रामनवमी में रात 2 बजे खुलेगा महावीर मंदिर का पट:15 नैवेद्यम काउंटर बनाए जाएंगे, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**पटना (एजेंसी)** देश में 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च को रात को होने वाली आरती तक चलेगा। रामनवमी की तैयारी को लेकर आज महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा समेत अन्य। बैठक में महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा समेत अन्य। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की मांग इस बैठक में मंदिर के एसीईओ बीके मिश्रा, मंदिर अधीक्षक के सुधाकरण, मार्केट समिति के पदाधिकारी और सदस्य, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। रामनवमी के दिन भक्तों को मिलने वाली सुविधा और व्यवस्था पर चर्चा हुई। डीएम ने कतार लगने वाले भक्तों के सुविधा के लिए कई निर्देश दिए। जिससे भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। साथ ही साथ उन्होंने उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की भी मांग की गई है। जिससे महिलाओं में अधिक देर तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़े। मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर



नहीं रहेगा मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। राम नवमी के दिन लोहे और बांस का बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग, विभिन्न जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन, एलईडी पर लाइव पूजा देखने, पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल कैंप, एंबुलेंस, विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाए जाएंगे। जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलो नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो की तैयारी रखी जाएगी। वैसे बीते साल भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत:बिजली दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक कटौती संभव, होगा अंतिम फैसला

**पटना (एजेंसी)** । राज्य में बिजली दरों को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ सकता है। प्रीपेड मीटर उपयोगकताओं के लिए राहत की खबर है, क्योंकि उन्हें बिजली की दरों में प्रति यूनिट 25 पैसे तक की छूट मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को भी एक अप्रैल से करीब 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में संशोधन और स्लैब को एक करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय आज आयोग की बैठक में लिया जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की घोषणा भी की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को सीधी राहत राज्य में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला खासा लाभकारी हो सकता है। प्रस्ताव के मुताबिक, जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन्हें बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी का फायदा मिलेगा। इससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी राहत शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त या रियायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, नई दरें लागू होने के बाद सामान्य उपभोक्ताओं को भी प्रति यूनिट लगभग 18 पैसे की कमी का लाभ मिलेगा। स्लैब एक करने का प्रस्ताव बिजली दरों को सरल बनाने के लिए अलग-अलग स्लैब को एक करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। अभी 0 से 100 यूनिट तक और 100 यूनिट से अधिक खपत पर अलग-अलग दरें लागू हैं। वर्तमान में 0झ100 यूनिट तक करीब 7.42 रुपये प्रति यूनिट और 100 यूनिट से ऊपर करीब 8.95 रुपये प्रति यूनिट की दर है। प्रस्ताव के अनुसार, स्लैब एक होने के बाद एक समान दर लागू की जाएगी, जो लगभग 7.77 रुपये प्रति यूनिट हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को बिल समझने में आसानी होगी और दरों में पारदर्शिता आएगी। अनुदान जारी रहने पर और राहत अगर राज्य सरकार वर्तमान अनुदान व्यवस्था को जारी रखती है, तो उपभोक्ताओं को और अधिक राहत मिल सकती है। अनुमान है कि प्रभावी दर घटकर करीब 4.34 रुपये प्रति यूनिट तक आ सकती है, जो वर्तमान दरों की तुलना में लगभग 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होगी। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी बदलाव



संभव सूत्रों के अनुसार, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी स्लैब को दो से घटाकर एक करने और फिक्स्ड चार्ज में कमी करने पर विचार किया जा रहा है। इसके तहत न्यूनतम शुल्क को घटाकर करीब 150 रुपये करने का प्रस्ताव है, जिससे छोटे व्यवसायियों को राहत मिल सकती है। आज होगा अंतिम फैसला बिहार विद्युत विनियामक आयोग की बैठक में आज इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। फैसले के बाद नई दरें और सब्सिडी संरचना की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## भारत की इन जगहों पर देखने को मिलेगा इंग्लैंड-स्विटजरलैंड जैसा नजारा, यादगार बनेगी ट्रिप



अधिकतर लोगों का विदेश घूमने का सपना होता है। लेकिन कई बार बजट के कारण लोग विदेश घूमने नहीं जाते हैं। वहीं भारत की खूबसूरती की तुलना कई विदेशी जगहों से की जाती हैं। यहां की जगहें न सिर्फ विदेशी स्थानों जैसी दिखे हैं, बल्कि वहां की समानता का भी अनुभव किया जा सकता है। ऐसे में आप भारत की इन जगहों पर घूमकर विदेशी खूबसूरती का लुत्फ उठा सकते हैं। भारत की इन जगहों पर घूमना न सिर्फ आपकी यात्रा को यादगार बनाएगा बल्कि प्रकृति की अनमोल विरासत से भी जोड़ेंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी तुलना दुनिया के फेमस स्थलों से की जाती है।

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के दृश्य बेहद खूबसूरत और शानदार होते हैं। श्रीनगर में शिकारा राइड, डल झील और ट्यूलिप फूलों के बगीचे का नजारा बिलकुल विदेशों जैसा है। श्रीनगर में डल झील के किनारे खिले हुए ट्यूलिप फूलों का बगीचा और आसपास का शांत वातावरण आपका मन मोह लेगा। यहां के नजारे आपको नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम की याद दिलाएंगे। यहां पर एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है। श्रीनगर के इस गार्डन को इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन कहते हैं।

गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग को भारत का स्विटजरलैंड कहा जाता है। यहां पर आपको बर्फ से ढके पहाड़, स्कीइंग रिसॉर्ट्स और खूबसूरत घास के मैदान देखने को मिलेंगे। यहां पर गोंडोला राइड और विंटर स्पोर्ट्स पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

फूलों की घाटी, उत्तराखंड

उत्तराखंड की वैली ऑफ फ्लावर्स में मानसून के समय हजारों रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। आपको यहां का दृश्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में मौजूद एंटीलोप वैली से बिलकुल मेल खाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत है। यहां पर फोटोग्राफी के शौकीन लोगों की भारी भीड़ देखने को मिलती है।

थार मरुस्थल, राजस्थान

बता दें कि राजस्थान का थार मरुस्थल आपको यकीनन सहारा मरुस्थल की याद दिलाएंगा। यहां पर आपको रेत के टीलों, ऊंट की सवारी और रेगिस्तानी संस्कृति देखने को मिलेगी। जो आपको सहारा का अनुभव होगा। यहां पर जैसलमेर और सम सैंड ड्यून्स प्रमुख आकर्षण हैं।





# धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शहर है अमृतसर

**जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है।**

अमृतसर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। यहाँ की शांतिपूर्ण वातावरण और समृद्ध इतिहास, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं अमृतसर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।

### स्वर्ण मंदिर

अमृतसर का सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध स्थल है स्वर्ण मंदिर, जिसे हरमंदिर साहिब भी कहा जाता है। यह सिख धर्म का पवित्र स्थल है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। मंदिर का गोल्डन गेट और उसकी खूबसूरत वास्तुकला देखने योग्य हैं। स्वर्ण मंदिर के चारों ओर स्थित अमृत सरोवर की शांति और सौंदर्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यहाँ की आध्यात्मिक शांति और वातावरण लोगों को एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।

### जालियांवाला बाग

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है। जालियांवाला बाग पर जाकर लोग भारतीय इतिहास को जानने और उसकी महत्ता को महसूस करने के लिए आते हैं।

### गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी

अमृतसर में सिख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रतीक के रूप में गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी संग्रहालय भी प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहाँ सिख धर्म की धरोहर, इतिहास, और उनके संघर्षों को प्रदर्शित किया गया है।

### दुरगियाना मंदिर

यह मंदिर अमृतसर का एक और प्रमुख धार्मिक स्थल है जो स्वर्ण मंदिर के समान दिखता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है और यहाँ लोग धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए आते हैं। मंदिर के पास ही एक बड़ा सरोवर भी स्थित है, जो इस स्थल की सुंदरता को बढ़ाता है।

### काली मंजीर

अमृतसर में स्थित काली मंजीर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर काली माता को समर्पित है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य हिन्दू त्योहारों के दौरान।

### अमृतसर का बाजार और संस्कृति



अमृतसर के बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ के बाजार, जैसे कि केसरिया बाजार और जोड़ा फाटक बाजार, लोक कला और हस्तशिल्प के अद्भुत सामानों से भरे हुए हैं। यहाँ से पर्यटक पंजाबी पारंपरिक वस्त्र, जूतियां, चूड़ियां, और अन्य हस्तनिर्मित सामान खरीद सकते हैं। अमृतसर की सांस्कृतिक धरोहर यहाँ के विभिन्न मेलों, त्योहारों और नृत्य-गानों में भी देखने को मिलती है।

### भठिंडा और गग्गा महल

अमृतसर के पास स्थित भठिंडा और गग्गा महल भी ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। भठिंडा किला एक ऐतिहासिक किला है, जो प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वहीं गग्गा महल में एक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है और यहां के सुंदर दृश्य पर्यटकों के लिए एक अच्छा अनुभव होते हैं।

अमृतसर, अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक त्योहारों और मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्ण मंदिर, जालियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर और अन्य पर्यटन स्थलों ने इसे एक प्रमुख यात्रा स्थल बना दिया है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को न केवल भारतीय संस्कृति का गहरा अनुभव मिलता है, बल्कि एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव भी होता है। अगर आप भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को महसूस करना चाहते हैं, तो अमृतसर की यात्रा निश्चित रूप से आपके यात्रा सूची में होनी चाहिए।

### वाघा बॉर्डर

अमृतसर से लगभग 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीमाबंध है। यहाँ हर शाम भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बीटिंग रिट्रीट नामक एक शानदार समारोह आयोजित किया जाता है। यह उत्सव एक जीवंत, रंगीन और जोशपूर्ण अनुभव है, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की एकजुटता और सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाघा बॉर्डर का दौरा करने के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

# दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### अल्लेप्पी

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अल्लेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है।

अरब सागर के तट पर स्थित अल्लेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अल्लेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अल्लेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

### कोडईकनाल



दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

### कूर्ग

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कुर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कुर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कुर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कुर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एकसप्लोर कर सकते हैं।

### पुडुचेरी

दक्षिण भारत में स्थित पुडुचेरी एक केंद्र शासित प्रदेश है। इस देश को एक बेहद खूबसूरत और रोमांटिक डेस्टिनेशन भी माना जाता है। बंगाल की खाड़ी के कोरोमंडल तट पर स्थित पुडुचेरी को हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर सिर्फ फरवरी महीने में बल्कि साल के अन्य महीनों में भी कपल्स घूमने के लिए आते हैं। पुडुचेरी में आप पार्टनर के साथ सुबह-शाम समुद्र तट के किनारे सुकून और यादगार भरे कुछ पल बिता सकते हैं। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ पैराडाइज बीच, बॉटनिकल गार्डन और प्रोमेनेड बीच जैसी रोमांटिक जगहों पर जाना न भूलें।

# छत्तीसगढ़ का छिपा हुआ खजाना माना जाता है औरापानी



छत्तीसगढ़ भारत का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। साल 2000 में इस राज्य का गठन हुआ था। साथ ही यह देश का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है। यह राज्य विशान घने जंगलों के लिए भी जाना जाता है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऐसी कई शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। यहां पर हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी भी ऐसी ही एक अद्भुत जगह है। जो कहीं से भी हिमाचल या उत्तराखंड से कम नहीं मानी जाती है। औरापानी की खूबसूरती को देखने के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औरापानी में मौजूद कुछ शानदार और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

### कहां है औरापानी

औरापानी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौजूद है। यह मुख्य शहर के करीब 45 किमी की दूरी पर स्थित है। औरापानी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के पास में स्थित है। वहीं औरापानी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर 170 किमी दूर स्थित है। इसके साथ ही औरापानी छत्तीसगढ़ के रतनपुर से करीब 91 किमी, मध्य प्रदेश के अमरकंटक से करीब 90 किमी और पंडरिया से करीब 51 किमी दूर स्थित है।

### औरापानी की खासियत

बता दें कि औरापानी को सिर्फ बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का छिपा खजाना माना जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित औरापानी बेहद मनमोहक और खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है।

यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ सुहावने मौसम के लिए भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। वहीं मानसून और सर्दी के मौसम में औरापानी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### सैलानियों के लिए खास है ये जगह

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी पर्यटकों का वह खजाना है, जहां पर घूमने के लिए लोग हिमाचल और उत्तराखंड को भूल जाएंगे। यहां पर सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि अन्य जगहों से भी पर्यटक आते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण के साथ झील और झरनों के लिए भी जाना जाता है। औरापानी के जंगलों में स्थित झील और वॉटरफॉल सैलानियों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

### एडवेंचर का है खजाना

औरापानी अपनी खूबसूरती के साथ एडवेंचर का खजाना माना जाता है। यहां पर सुकून के कुछ पल बिताने के साथ आप एडवेंचर एक्टिविटी करने भी पहुंच सकते हैं। औरापानी को हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिग के लिए बेस्ट पर्यटन केंद्र माना जाता है। सर्दी और मानसून में यहां पर हर दिन दर्जनों की संख्या में पर्यटक एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आप यहां पर फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

### घूमने की बेस्ट जगहें

बता दें कि औरापानी और इसके आसपास कई ऐसी शानदार और हसीन जगहें हैं, जहां पर आप घूमने के लिए जा सकते हैं। आप औरापानी झील के साथ औरापानी वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। औरापानी में झील और वॉटरफॉल एक्सप्लोर करने के बाद आप अचानकमार अभयारण्य और अमरकंटक हिल्स जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# आईसीसी टी20आई रैंकिंग: अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर कायम, बुमराह की टॉप-5 में एंट्री

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा टी20आई रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी यह रही कि अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह बिना मैच खेले ही गेंदबाजों की टॉप-5 में पहुंच गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाड़ियों को भी जबरदस्त फायदा हुआ है।



### बिना खेले टॉप-5 में पहुंचे बुमराह

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद इस फॉर्मेट में कोई मैच नहीं खेला है। इसके बावजूद जसप्रीत बुमराह एक स्थान ऊपर चढ़कर 702 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश के अंक घटने से बुमराह को सीधा फायदा मिला। यह दर्शाता है कि रैंकिंग अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन से भी प्रभावित होती है।

### अभिषेक शर्मा का दबदबा बरकरार

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर कायम हैं। उनकी लगातार आक्रामक और प्रभावी बल्लेबाजी उन्हें इस पोजीशन पर बनाए हुए है। यह भारतीय टीम के लिए बड़ी सकारात्मक खबर है। उनका प्रदर्शन भविष्य के टूर्नामेंट्स में भी अहम रहने वाला है।

### मेहदी हसन मिराज का शानदार उछाल

बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। 3 मैचों में 5 विकेट लेकर उन्होंने टीम को 2-1 से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के दम पर वह वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 9 स्थान ऊपर चढ़कर 7वें स्थान पर पहुंच गए। साथ ही ऑलराउंडर रैंकिंग में भी दूसरे नंबर पर आ गए हैं।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों को मिला फायदा

तंजीद हसन ने 31 पायदान की बड़ी छलांग लगाई है। इसके अलावा लिटन दास, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। यह बांग्लादेश टीम के शानदार सामूहिक प्रदर्शन का नतीजा है। लगातार अच्छे खेल का असर खिलाड़ियों की रैंकिंग पर साफ दिखा है।

### सलमान अली आगा और शाहीन अफरीदी को फायदा

पाकिस्तान के सलमान अली आगा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं ऑलराउंडर रैंकिंग में भी वह 10वें नंबर पर काबिज हैं। कप्तान शाहीन अफरीदी भी ऑलराउंडर सूची में 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हालिया सीरीज में प्रदर्शन का उन्हें सीधा फायदा मिला है।

### मिचेल सेंटनर का शानदार प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टी20 सीरीज में बेहतरीन खेल दिखाया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके प्रदर्शन से उन्हें 11 स्थान का फायदा मिला। अब वह टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 7वें स्थान पर काबिज हैं।

### अन्य खिलाड़ियों को भी मिला फायदा

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन और डेवोन कॉनवे की रैंकिंग में सुधार हुआ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के जॉर्ज लिंडे और ओटनील बार्टमैन को भी बड़ा फायदा मिला है। इन खिलाड़ियों ने हालिया मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जिसका सीधा असर उनकी रैंकिंग पर देखने को मिला है।

# आईपीएल के दौरान तनाव कम करने हुक्का पीते हैं धोनी : बिलिंग्स



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते रहे हैं। मैदान पर अपनी शांत कप्तानी के लिए ÷कैप्टन कूल÷ के नाम से लोकप्रिय रहे धोनी निजी जिंदगी में काफी रिजर्व स्वभाव के माने जाते हैं। इसलिए उनके बारे में प्रशंसकों को ज्यादा कुछ नहीं पता चलता है पर अब आईपीएल में सीएसके की ओर से खेले इंग्लैंड के क्रिकेटर सैम बिलिंग्स ने कहा है कि धोनी हुक्का पीने के शौकीन हैं। बिलिंग्स के अनुसार आईपीएल टूर्नामेंट में धोनी होटल के कमरे में हुक्का पीते हैं और टीम के एक खिलाड़ी उनके लिए हुक्का तैयार करता है।

बिलिंग्स के अनुसार ये हुक्का उनक लिए तेज गेंदबाज खलील अहमद तैयार करते हैं।

उनके अनुसार, आईपीएल के दौरान टीम के अधिकतर खिलाड़ी मैच के बाद होटल के बार में जाकर समय बिताते थे। जिससे की मैच के तानव से उबर सकें। इस दौरान खिलाड़ियों को गपशप का भी अवसर मिल जाता था पर धोनी इससे अलग रहते हुए एकांत में हुक्का पीते थे। वह कभी भी बार में जाते नहीं दिखे।

धोनी के लिए हुक्का सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि टीम को एक-साथ जोड़े रखने का भी तरीका रहा है। बिलिंग्स और कोच माइकल हसी ने कहा कि धोनी का होटल रूम टीम के लिए पूरे समय किसी लाउंज जैसा रहता है, क्योंकि धोनी प्रशंसकों की भीड़ के कारण होटल बार या किसी कैफे में नहीं जा सकते, इसलिए वो अपने रूम को ही अपनी अलग जगह बना लेते थे। बिलिंग्स के अनुसार धोनी को हुक्का पसंद था और वे इसका आनंद अपने कमरे में ही उठाते रहते थे। उनके पास इसके लिए एक अलग स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहता था, जो हुक्के से जुड़ी सभी तैयारियों का ध्यान रखता था। इस हुक्का डिप्लोमेसी के कारण सीएसके आपस में जुड़ी रिती थी।

# विराट आईपीएल के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम आरसीबी से जुड़े

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल के 19 सत्र में शामिल होने के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ गये हैं। विराट के यहां पहुंचने के साथ ही आरसीबी के खेमे में उत्साह की लहर फैल गयी। विराट का प्रशंसकों के साथ ही टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों को भी इंतजार था। , बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली इंग्लैंड में थे पर वहां भी वह तैयारी जारी रखे थे। उन्होंने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी की थी जिसे आरसीबी ने भी साझा किया है। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में तेजी आने की उम्मीद है।



आरसीबी को इस सत्र में अपना पहला मैच 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इससे वह खिताब बराकरार रखने के इरादे से उतरेगी। पिछले सत्र में उसने रजत पाटीदार की कप्तानी में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट की अहम भूमिका रही है। विराट ने पिछले सत्र में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 8 अर्धशतक लगाये थे।

ऐसे में टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को जीत दिलायें।

विराट शुरुआती सत्र से ही आरसीबी से जुड़े हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाते आये हैं। कोहली आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनके नाम सबसे अधिक रन और शतक हैं। कोहली ने साल 267 मैचों में 8 शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8,661 रन बनाए हैं। वह साल 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान भी रहे हैं।

# पंड्या की कप्तानी में खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी मुम्बई : हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस इस बार खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी। हरभजन के अनुसार पंड्या का लक्ष्य पिछले 5 सालों से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करना रहेगा। हरभजन के अनुसार जीत के लिए पंड्या को आगे बढ़कर आक्रामक अंदाज में कप्तानी करनी होगी। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि मुम्बई को सलामी जोड़ी को लेकर भी अपनी स्थिति साफ करनी चाहिये। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह की भूमिका भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक को अपने स्वाभाविक अंदाज में ही खेलना चाहिये। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ गेम दिखाना होगा। उन्हें बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभानी होनी।



जिस प्रकार उन्होंने टी 20 विश्व कप में गेंदबाजी की थी वैसी ही उन्हें आईपीएल में भी करनी होगी। उन्होंने कहा, जब कोई कप्तान आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करता है और रास्ता दिखाता है, तो बाकी खिलाड़ी भी उसका साथ देते हैं। यह सब भरोसे पर निर्भर करेगा। अगर हार्दिक और उनकी टीम पहले दिन से ही तय कर ले कि उनका लक्ष्य खिताब जीतना है तो मुम्बई टीम को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पायेगा। वहीं रयान रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक को अंतिक ग्यारह में रखे जाने के सवाल पर , हरभजन ने कहा कि दोनो को एकसा रखे जाने की संभावना नहीं है। इन दोनों में से कोई एक ही शुरुआत में रखा जाएगा। दोनों को एक साथ उतारना इसलिए संभव नहीं है क्योंकि टीम के पास रोहित शर्मा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे शीर्ष बल्लेबाज हैं।

# डी विलियर्स ने बुमराह को बताया टी20 का महान खिलाड़ी

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर रहे एबी डी डीविलियर्स ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें टी20 का सबसे महान खिलाड़ी बताया है। डीविलियर्स के अनुसार क्रिस गेल, विराट कोहली और राशिद भी शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं पर बुमराह की बात ही कुछ और है। डीविलियर्स के अनुसार बुमराह को सबसे आगे बताने का कारण ये है कि हालात कैसे भी हों वह टीम को मैच जिताने की क्षमता रखते हैं डीविलियर्स के अनुसार बुमराह में कई प्रकार की खूबियां हैं। वह नई और पुरानी गेंद, दोनों से प्रभावी गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा दबाव में विकेट लेने की क्षमता, डेथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन, सुपर ओवर जैसे कठिन अवसरों पर मैच जिताने की क्षमता उनमें है। कुल मिलाकर देखो जाये तो आप किसी भी समय गेंद बुमराह को दे सकते हैं, और वह मैच जिता सकते हैं। डीविलियर्स ने अपनी करियर के दौरान आइपीएल सहित दुनिया की कई टी20 लीग खेली हैं। आरसीबी के लिए खेलते हुए उन्होंने गेल और विराट के साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा किया हैं। ऐसे मे उनका बुमराह को सबसे बेहतर बताना काफी महत्व रखना है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज अकीब जावेद ने भी बुमराह की जमकर प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि बुमराह का अनोखा एक्शन बल्लेबाजों को लय में नहीं आने देता। इसी दौरान उन्होंने बुमराह की तुलना पाक के युवा स्पिनर उस्मान तारिक से कर दी। जिसके बाद प्रशंसकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल करते हुए कहा कि बुमराह के सामन तारिक कहीं नहीं हैं। ऐसे में तुलना नहीं हो सकती। आकिब की तुलना को लेकर सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने कड़ी नाराजगी भी जतायी। उनका कहना था कि इस प्रकार की बातें नहीं कही जानी चाहिये। कई लोगों ने इसे गलत तुलना बताया, कुछ ने बुमराह की क्लास को अलग स्तर का बताया। आम तौर पर टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों को ही महान माना जाता है पर जिस प्रकार से दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने बुमराह को महान बताया है, उससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी कितनी प्रभावशाली है।

# मियामी ओपन में केटी बोल्टर ने की जीत के साथ शुरुआत

फ्लोरिडा (अमेरिका) । ब्रिटिश की नंबर तीन खिलाड़ी केटी बोल्टर ने मियामी ओपन में अपने अभियान की शुरुआत पहले राउंड में स्पेन की जेसिका बुजास मानेइरो पर जीत के साथ की। बोल्टर ने दुनिया की 48वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ पहले सेट के टाई-ब्रेक में 6-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए छह सेट पॉइंट बचाए।



बोल्टर ने स्पेन की मानेइरो को 7-6 (11-9), 6-4 से हराया। बोल्टर ने पिछले महीने ओस्ट्रावा ओपन जीता था और टॉप 100 से बाहर होने के बाद अब रैंकिंग में 67वें स्थान पर पहुच गई हैं। मुकाबला जीतने के बाद बोल्टर ने कहा, 'मुझे पता है कि वह कितनी अच्छी खिलाड़ी हैं और आज रात हमारे टेनिस का स्तर और गुणवत्ता काफी अच्छी थी। यह मुश्किल था। मुझे ऐसा लग रहा था कि मुझे हर बार एक' विनर 'शॉट मारना होगा, वरना वह मार देंगी।' बोल्टर गुरुवार को दूसरे राउंड में डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी क्लारा टौसन से भिड़ेंगी।

# सीएसके ने फोस्टर को क्षेत्ररक्षण कोच बनाया

मुम्बई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 सत्र से पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फोस्टर को टीम का नया क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है। फोस्टर टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके जिम्मेदारी टीम के खिलाड़ियों के क्षेत्ररक्षण कौशल को निखारना रहेगा। पिछले सत्र में टीम इस क्षेत्र में कमजोर साबित हुई थी। फोस्टर को कोच के तौर पर लंबा अनुभव है और इसी को देखते हुए सीएसके ने उन्हें जोड़ा है। सीएसके के पास पहले ही कोचिंग स्टाफ में माइकल हसी और एरिक सिमंस जैसे दिग्गज हैं, इसके बाद भी फोस्टर को शामिल करने से साफ है कि टीम अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है।



फोस्टर ने साल 2001 से 2009 के बीच इंग्लैंड के लिए 23 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। साल 2018 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग में काफी अनुभव वह सफलता हासिल की है। हाल ही में उनके मार्गदर्शन में जनवरी 2026 में डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी 20 खिताब जीता था। इसके अलावा वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के सहायक कोच भी रहे हैं। फोस्टर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टीम के भी कोच रहे हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ क्षेत्ररक्षण के सहायक कोच रहे हैं। ऋतुराज की कप्तानी में सीएसके अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में करेगी। इसके बाद टीम 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच खेलेगी। शुरुआती मुकाबलों में आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी उसे खेलना है। पीछले सत्र में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे वहीं इस बार टीम ने कई नये खिलाड़ियों के साथ ही कोचिंग स्टाफ में भी बदलावा किया है जिससे उसे जीत की उम्मीद रहेगी।

# भारत थॉमस और उबेर कप में गत चैंपियन चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए बुधवार को मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। दोनों भारतीय टीम को उनके खिलाड़ियों की व्यक्तिगत विश्व रैंकिंग के आधार पर आठवीं वरीयता दी गई है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की। थॉमस कप 2022 चैंपियन भारत ग्रुप 'ए' से क्वार्टर फाइनल के दो स्थान में से एक अपने नाम करने का प्रबल दावेदार है।



इस ग्रुप में पैन अमेरिका चैंपियन कनाडा और ओसियाना चैंपियन ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। हालांकि भारतीय महिला टीम के लिए नॉकआउट चरण तक पहुंचने का रास्ता थोड़ा मुश्किल है क्योंकि उसे 16 बार की चैंपियन चीन के अलावा, यूरोपीय टीम चैंपियनशिप के उपविजेता डेनमार्क और कांस्य पदक विजेता यूक्रेन के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने ड्रॉ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हमें ठीक-ठाक ड्रॉ मिला है और थॉमस कप तथा उबेर कप दोनों ही प्रतियोगिताओं में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने का मौका है। हमारी टीम काफी मजबूत है जिसने यह साबित किया है कि अपने दिन पर वह किसी भी शीर्ष टीम को हरा सकती है और एक बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद कुछ भी संभव है।'

भारतीय पुरुष टीम ने थॉमस कप के 2022 सत्र को जीतकर इतिहास रचा था जबकि महिला टीम ने 2014 और 2016 के सत्र में कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष टीम 2024 में हुए पिछले टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गई थी जबकि महिला टीम भी जापान से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई थी। चीन के पास मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं।

हालांकि भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर ट्रॉफी जीतने वाला भारत केवल छठा देश बना था।

भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर 2026 थॉमस कप के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम ने भी विश्व रैंकिंग के जरिए उबेर कप में अपनी जगह पक्की की। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

### थॉमस कप ड्रॉ

**ग्रुप ए :** चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, **ग्रुप बी :** जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड , **ग्रुप सी:** चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन **ग्रुप डी:** इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।

### उबेर कप ड्रॉ

**ग्रुप ए:** चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन **ग्रुप बी:** जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका **ग्रुप सी:** चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया **ग्रुप डी:** कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

# दक्षिण कोरिया को हराकर जापान महिला एशियाई कप के फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना



सिडनी । जापान की महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को यहां दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई। पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से टीम का तीसरा गोल किया। फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है। वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।

# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते इसलिए पढ़ाई जरूरी है : पीवी सिंधू

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है। पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं।



हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था। उन्होंने कहा, 'मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते।'

सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी। इस खिलाड़ी ने कहा, 'आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।' उन्होंने कहा, 'कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं।'

सिंधू ने कहा, 'सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें।' तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही।

सिंधू ने कहा, 'हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है। खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा, 'चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं। ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं।'

उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था। इसके चलते 2016 के ओलंपिक से पहले उनके पास तैयारी के लिए बहुत कम समय बचा था। इसके बावजूद रियो डि जिनेरियो में हुए उन खेलों में उन्होंने रजत पदक जीता। उन्होंने कहा, 'मामला गंभीर था। कई हफ्तों तक दर्द के साथ खेलने के बाद मैं ठीक समय पर डॉक्टर के पास पहुंच पाई। मेरे मन में खुद को लेकर शक पैदा हुआ था कि क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगी या नहीं।'

# 10 जुलाई से शुरु होंगे ओलंपिक में फुटबॉल मुकाबले : आईओसी

एथेंस । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मुकाबले उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले ही शुरू हो जाएंगे। आईओसी के अनुसार पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों के मुकाबले 10 जुलाई से शुरु होंगे। ये ये मुकाबले अमेरिका के सात शहरों में होंगे। वहीं ग्रुप स्तर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले न्यूयॉर्क, कोलंबस, नैशविले और सेंट लुई में रखे गये हैं जबकि नॉकआउट मुकाबले कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में आयोजित होंगे। इन शहरों को उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाएं होने के कारण ही बड़े मुकाबलों के आयोजन का अवसर मिला है। वहीं फुटबॉल का खिताबी मुकाबला ऐतिहासिक रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस स्टेडियम में ही साल1994 पुरुष फुटबॉल विश्व कप, 1999 महिला विश्व कप और 1984 ओलंपिक का फाइनल भी खेला गया था। आईओसीके नए कार्यक्रम के अनुसार टीमों को पिछले ओलंपिक के मुकाबले आराम के लिए दो दिन और मिलेंगे। इससे खिलाड़ियों को हालातों से उबरने का अच्छा अवसर मिलेगा। फुटबॉल टूर्नामेंट का अंतिम शेड्यूल इस साल के अंत तक जारी किया जाएगा। ओलंपिक 2028 में फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ा बदलाव इसलिए किया जा रहा है जिससे यह टूर्नामेंट पहले से ज्यादा रोमांचक बन सके।



# केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलने पहुंचे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा

## बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल भी रहा साथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में बुधवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और औद्योगिक बैठक देखने को मिली, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव और सांसाद प्रियंका गांधी वाड्रा अचानक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलने संसद भवन पहुंचे।

दरअसल, राजस्थान से बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर बुधवार की सुबह राहुल गांधी से मिलने आया था। राजस्थान से आए इस डेलिगेशन ने व्यापार से जुड़ी नीतिगत चुनौतियों, नए नियमों के कारण बढ़ती कठिनाइयों और उद्योग पर पड़ रहे प्रभाव को विस्तार से बताया।

प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल पहल की और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ उन्हें लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान उद्योग से जुड़े मुद्दों को सीधे संबंधित मंत्री के सामने रखने का प्रयास किया गया, ताकि समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

बैठक हालांकि कुछ ही मिनटों तक चली, लेकिन इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बस और ट्रक बॉडी निर्माण उद्योग पर नए नियमों के प्रभाव, नीतिगत बदलावों की आवश्यकता और कारोबार में आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों के अनुसार, डेलिगेशन ने केंद्र सरकार से नियमों में राहत और स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की है, जिससे उद्योग को स्थिरता मिल सके। वहीं, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भी समस्याओं को सुनकर उन्हें सकारात्मक रूप से देखने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात को उद्योग और राजनीति के बीच समन्वय के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां जनप्रतिनिधियों ने सीधे तौर पर व्यापारिक समुदाय की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम किया। आने वाले समय में इस बैठक के परिणामस्वरूप नीतिगत स्तर पर कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## सांसद टी राजा सिंह को फिर मिली जान से मरने की धमकी



हैदराबाद (एजेंसी)। गोशामहल विधानसभा के सांसद टी राजा सिंह को बुधवार को उनके आवास पर एक अज्ञात प्रेषक से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था कि राजा सिंह, 27 मार्च को आपकी आखिरी रामनवमी होगी। तेलंगाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। जनवरी में भी बीजेपी सांसद सिंह को इसी तरह का एक पत्र मिला था, जो कथित तौर पर अब्दुल हाफिज नाम के एक व्यक्ति ने भेजा था। पत्र में अपशब्दों का प्रयोग किया गया था और दावा किया गया था कि पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। बीजेपी नेता सिंह ने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त और मुख्यमंत्री से बार-बार मिल रही धमकियों के पीछे के व्यक्ति की पहचान करने की अपील की है। सांसद सिंह ने हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार को पत्र लिखकर आगामी राम नवमी जुलूस के लिए पुलिस सुरक्षा देने से इंकार कर दिया। उन्होंने सुरक्षा से इंकार करने के कारणों के रूप में बार-बार उत्पीड़न, लाठीचार्ज और पिछले वर्ष के आयोजन के दौरान टास्क फोर्स कर्मियों द्वारा बल प्रयोग का हवाला दिया। सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में, सुरक्षा के बहाने तैनात पुलिसकर्मियों ने जुलूस को बाधित किया और कई बार श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज भी किया। उन्होंने अनीता टावर्स, पुराना पुल, बेगम बाजार छतरी और सिद्दीअंबर बाजार मस्जिद के पास हुई घटनाओं का जिक्र किया, जिनसे श्रद्धालुओं में भय और तनाव का माहौल बना।

## फ्लाइट में जज को परोसा फंगस लगा खाना, विरोध करने पर एयरलाइन क्रू ने की अभद्रता

लखनऊ (एजेंसी)। दिल्ली से लखनऊ आ रहे एक विमान में न्यायिक अधिकारी (जज) के साथ अभद्रता और दूषित भोजन परोसने का गंभीर मामला सामने आया है। अमरोहा में तैनात जज प्रशांत कुमार ने एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स और कस्टमर सर्विस इंचार्ज के खिलाफ सरोजिनी नगर थाने में एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विमान में उन्हें जो भोजन दिया गया, उसमें स्पष्ट रूप से फंगस लगा हुआ था और विरोध करने पर कर्मचारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। घटनाक्रम के अनुसार, जज प्रशांत कुमार बीती 16 मार्च 2026 को एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 1720 से दिल्ली से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान जब उन्हें भोजन परोसा गया, तो वह सड़ा हुआ था। जज का कहना है कि इस प्रकार का असुरक्षित भोजन यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। जब उन्होंने इस गंभीर लापरवाही की शिकायत केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति से की, तो उन्होंने समस्या का समाधान करने के बजाय उनके साथ अनुचित और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विमान के लखनऊ लैंड होने के बाद भी विवाद थमा नहीं। आरोप है कि एयरलाइन के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सुफियान ने भी जज के साथ बदसलूकी की और उन्हें साक्ष्य के तौर पर फंगस लगा हुआ खाना फ्लाइट से बाहर ले जाने से जबरन रोक दिया। एनसीआर में जज ने मांग की है कि यात्रियों को दूषित भोजन परोसना और शिकायत करने पर उनके अधिकारों का हनन करना एक गंभीर अपराध है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर गहन जांच करने और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जिससे विमान सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा और खान-पान की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## भारत का बड़ा दांव : रुस से तेल लेकर चीन जा रहा टैंकर... अचानक से भारत की ओर चल दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका-इजरायल में बीच छिड़े युद्ध के बाद तेल की संकट ने पूरी दुनिया को अपने गिरफ्त में ले लिया है। इस संकट के बीच भारत का दम दुनिया भर में दिख रहा है। बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट से भारत के दो जहाज सही सलामत गैस लेकर गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचे थे। अब भारत ने एक और बड़ा दांव चल दिया है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में एक रूसी तेल से लदा टैंकर अचानक मुड़ गया। यह मूल रूप से चीन के रिजाओ बंदरगाह की ओर बढ़ रहा था, लेकिन अब तेजी से भारत की ओर आ रहा है। गौरतलब है कि भारत ने मौजूदा स्थिति में रूस से तेल आयात बढ़ाने का फैसला किया है। यह बदलाव ईरान में चल रही जंग के कारण मध्य पूर्व से तेल सप्लाई रुकने के बाद भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए हुआ है। एक रिपोर्ट में बताया गया हैं कि बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से जनवरी के अंत में उराल्स क्रूड ऑयल लोड करके निकला था। शुरू में इसका डेस्टिनेशन चीन का रिजाओ पोर्ट था। लेकिन मार्च के मध्य में दक्षिण-पूर्व एशियाई पानी में पहुंचते ही टैंकर ने यू-टर्न ले लिया। अब यह 21 मार्च को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंचने वाला है। डेटा के मुताबिक, अमेरिका ने भारत को रूसी तेल की खरीदारी अस्थायी रूप से बढ़ाने की छूट दी, ठीक उसी के कुछ दिन बाद यह बदलाव हुआ। इससे पहले भारत ने रूसी तेल कम खरीदना शुरू कर दिया था, जिससे कई कार्गो चीन की ओर चले गए थे। अब स्थिति बदल गई है।

## गाजियाबाद मेयर का विवादित बयान...घरों में अधिक कार होने से बढ़ा रहा सड़कों पर ट्रैफिक

गाजियाबाद (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद जिले में ट्रैफिक जाम को लेकर मेयर सुनीता दयाल का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या का मुख्य कारण लोगों के बढ़ते जीवन स्तर और घरों में अधिक कारें होना है। मेयर ने बताया कि पहले एक घर में एक ही गाड़ी होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं, इसकारण सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों का चौड़ीकरण केवल उपलब्ध जगह के अनुसार ही संभव है और लोगों के मकान तोड़कर सड़क बढ़ाना असंभव है। हालांकि, स्थानीय लोग तर्क से असहमत होकर कहते हैं कि शहर की कई मुख्य सड़कें अतिक्रमण की वजह से संकरी हो गई हैं। फुटपाथों और सड़कों के किनारे अवैध कब्जे ट्रैफिक को और बाधित करते हैं। उनका कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारना और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन, नगर निगम और विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। केवल लोगों के बढ़ते वाहन को दोष देना समस्या के वास्तविक कारणों से ध्यान हटाने जैसा है। शहर में रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। नोएडा में काम करने वाले लोग नेशनल हाईवे-9 पर जाम का सामना करते हैं, जबकि मोहननगर मार्ग से दिल्ली जाने वाले लोग जीटी रोड पर लंबी कतारों में फंसते हैं। कार्यक्रम में हाउस टैक्स पर पूछे गए सवाल पर मेयर ने कहा कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स लागू नहीं किया जाएगा और नगर निगम अधिकारियों को बढ़ी हुई दर पर बिल जारी करने से रोका गया है। बावजूद इसके, कई जगहों पर पहले ही बढ़ी हुई दर के बिल जारी किए जा चुके हैं। इस बयान ने गाजियाबाद में ट्रैफिक प्रबंधन और अतिक्रमण पर बहस को और तेज कर दिया है।

## मुजफ्फरपुर में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प, एक ग्रामीण की मौत, कई पुलिस वाले घायल

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के असिया गांव में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई। घटना तब हुई जब पुलिस पॉक्सो एक्ट के आरोपी भिखारी राय और अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान आरोपी पक्ष ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया, जिसके बाद पुलिस टीम पर पथराव किया गया और कथित रूप से फायरिंग भी की गई। स्थिति बिगड़ने पर गायघाट थानाध्यक्ष राजा सिंह ने आत्मरक्षा में गोली चलाने की बात कही है। इस घटना में ग्रामीण जगतवीर राय की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि थानाध्यक्ष, अपर थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है। झड़प के दौरान पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर सीधा आरोप लगाया है कि जगतवीर राय को नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है।

## क्या गंगा नदी में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते... अखिलेश ने उठाए सवाल



### -5-स्टार जहाज को लेकर योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** काशी में गंगा नदी में नाव पर रोजा इफ्तार करने वाले मुस्लिम युवकों की गिरफ्तारी पर सियासत शुरू हो चुकी है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पूछा है कि क्या गंगा में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते? डीएम, एसपी और एसओ को इफ्तारी देनी चाहिए थी। हथेली गरम....तब पुलिस नरम। उन लोगों ने हथेली गरम नहीं की होगी, इसकारण उन पर कार्रवाई हुई। इस दौरान अखिलेश का इशारा रिश्वत की तरफ था।

वहीं कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भी योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस कानून के दुरुपयोग का कीर्तिमान बनाना चाहती है। उन्होंने लिखा कि पुलिस मुसलमानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए उतावली दिख रही है। युवाओं का एक समूह नाव में बैठकर इफ्तार कर रहा था। बस इतने से किसी छुटभैये नेता की भावना आहत हो गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने 14 युवाओं को गिरफ्तार कर लिया। नरेन्द्र मोदी जी क्या यही है सबका साथ, सबका विकास का नारा। जिसमें मुसलमानों के नमाज पढ़ने और इफ्तार करने पर मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि गंगा की पवित्रता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। दरअसल, बनारस में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी हुई थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 14 मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया था। लखनऊ में इफ्तार पार्टी में पहुंचे अखिलेश ने कहा कि ये सब हमारे-आपके बीच में दूरियां पैदा करने के लिए किया जा रहा है। प्रशासन ऐसी कार्रवाई कर यूपी सरकार को खुश करने के लिए कर रहा। एक 5-स्टार जहाज चला था। उसमें महंगी-महंगी शराब थी। उसके टॉयलेट का वेस्ट गंगा में जा रहा था। उस जहाज के मालिक पर क्या कार्रवाई हुई? उस समय जो गड्ढे खोदकर छोड़ गए थे, उसकी गंदगी गंगा में पहुंची। उस पर क्या एक्शन हुआ?

# उत्तराखंड में धामी सरकार 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना में



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में धामी सरकार राज्यभर में 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। करीब 160.75 किलोमीटर लंबे इस मास्टरप्लान के तहत पहाड़ों के कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों को रोपवे से जोड़ने की तैयारी है। इन 51 में से 2 रोपवे प्रोजेक्ट्स पर फिलहाल काम तेजी से काम हो रहा है, जबकि केदारनाथ और हेमकुंड साहिब सहित 4 मेगा रोपवे प्रोजेक्ट्स पर जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी है। इसके अलावा कई अन्य रोपवे प्रोजेक्ट्स फिलहाल डीपीआर और प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के चरण में हैं, जिन पर उत्तराखंड रोपवे डेवलपमेंट लिमिटेड (यूआरडीएल) के जरिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। प्रस्तावित नेटवर्क में सबसे ज्यादा रोपवे पौड़ी जिले में बनने का प्लान है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक दीपक खंडूरी के मुताबिक रोपवे उन स्थानों तक पहुंच का बेहतर विकल्प हैं जहां सड़क बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स से तीर्थ यात्रियों की यात्रा आसान होगी और लोकल स्तर पर पर्यटन व रोजगार के नए अवसर भी बढ़ने है। उन्होंने बताया कि देहरादून के पुरकुल से मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक बनने वाला यह रोपवे राज्य के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में शामिल है। करीब 285 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण हो रहा है। परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें 10 यात्रियों की क्षमता वाले 71 केबिन लगाए जाएंगे और देहरादून से मसूरी तक का सफर करीब 20 मिनट में पूरा होगा। इस साल के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं चंपावत जिले में पूर्णागिरी मंदिर तक पहुंच आसान बनाने के लिए यह रोपवे बनाया जा रहा है। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना का निर्माण कार्य जारी है। इस 30 मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक खंडूरी ने इन परियोजनाओं के दूरगामी फायदों पर प्रकाश डाला है। उनके अनुसार रोपवे के माध्यम से उन दुर्गम पहाड़ियों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा, जहां सड़क मार्ग बनाना भौगोलिक और पर्यावरणीय दृष्टि से कठिन है। केदारनाथ, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब जैसे कठिन ट्रेक वाले स्थानों पर बुजुर्गों और बीमार यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा। पहाड़ों पर वाहनों के धुएं से प्रदूषण बढ़ रहा है।

## त्यागी के इस्तीफे पर राजद सांसद का दावा...देखते जाइए जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक ओर राज्यसभा जा रहे हैं। दूसरी ओर उनके पुराने साथ रहे केसी त्यागी ने भी जेडीयू का साथ छोड़ दिया है। 22 मार्च को वे बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा करने वाले है। इस बीच आरजेडी के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। बीते दिनों सांसद यादव जहानाबाद में विधायक राहुल कुमार की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में पहुंचे थे। जहां उन्होंने कहा कि त्यागी उम्र और रिश्ते में बड़े हैं, इसलिए उनका सम्मान करते हैं, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली है। आरजेडी सांसद ने दावा कर कहा कि थोड़ा इंतजार कर लीजिए, जेडीयू में भगदड़ मचेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तब मैं खुद सांसद पद से इस्तीफा देकर राजनीति भी छोड़ दूंगा। सांसद यादव ने कहा कि एनडीए के 25 साल के शासन के बावजूद बिहार में आज भी असली जंगलराज बरकरार है। यह डर पैदा करने वालों का राज है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग जंगलराज के नाम पर ही चुनाव जीतने की रणनीति बना चुके हैं। जनता को गुमराह कर रहे हैं। आरजेडी सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र में 11 साल से सरकार होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक प्रेसवार्ता क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जनता के बीच आकर सीधे सवालों का जवाब देना चाहिए।

## कांशीराम को भारत रत्न की मांग पर गरमाई यूपी की सियासत, मायावती ने कांग्रेस-सपा को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के इर्द-गिर्द सिमटती नजर आ रही है। आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच दलित मतों को साधने की होड़ में विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। हाल ही में 15 मार्च को कांशीराम की 93वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की, जिसने राज्य के सियासी पारे को बढ़ा दिया है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दलितों के उत्थान में कांशीराम के योगदान को रेखांकित किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने का आग्रह किया। हालांकि, कांग्रेस की इस पहल पर बसपा प्रमुख मायावती ने कड़ी आपत्ति जताई है। मायावती ने राहुल गांधी की मांग को बेतुका करार देते हुए कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने कांशीराम को सम्मानित क्यों नहीं किया? उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को दलित विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि ये दल केवल चुनावों के वक्त बहुजन नायकों को याद करते हैं।

मायावती ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस के पास अब अपने कोई महान नेता नहीं बचे हैं, इसलिए वे बसपा के महापुरुषों के नाम पर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब कांशीराम जीवित थे, तब इन्हीं पार्टियों ने उन्हें हमेशा नजरअंदाज किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि अखिलेश यादव द्वारा हर जिले में कांशीराम जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाना महज एक अवसरवादी कदम है। मायावती के अनुसार, बसपा शासनकाल में कांशीराम के सम्मान में किए गए कार्यों को सपा सरकार ने ही पलटने का काम किया था। सत्ता पक्ष की ओर से भी इस मामले पर प्रतिक्रिया आई है। यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए पूछा कि दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस को कांशीराम की याद क्यों नहीं आई? दूसरी ओर, मायावती ने अपने समर्थकों को आगाह करते हुए कहा कि ये पार्टियां बसपा को खत्म करने की सोची-समझी रणनीति के तहत काम कर रही हैं। उन्होंने चमचा युग पुस्तक का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों के साथ जुड़े दलित नेताओं को भी आड़े हाथों लिया। उत्तर प्रदेश में एक साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांशीराम के सम्मान को लेकर शुरू हुआ यह विवाद आने वाले दिनों में और गहराने के आसार हैं।

## रिटायर्ड अफसर को दस दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.05 करोड़ रुपए भी ठगे

### खुद को सीबीआई अधिकारी बता मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने और गिरफ्तार करने की दी धमकी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुंबई,(ईएमएस)। देश में साइबर क्राइम दिन ब दिन बढ़ते ही जा रहे हैं और लोगों की महनत की कमाई ठग बड़ी चालाकी से अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुंबई के दादर इलाके से सामने आया यहां एक बुजुर्ग नागरिक को 10 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करके उससे 1.05 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त अधिकारी श्रेयष परलकर (71) से ठगों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर मानसिक दबाव और डर दिखाकर ठगी को अंजाम दिया।

मीडिया रिपोर्ट में पीड़ित के मुताबिक 4 मार्च को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई के दिल्ली मुख्यालय का अधिकारी बताया। उसने दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक नया मोबाइल नंबर जारी किया गया है, जिसका इस्तेमाल अवैध मैसेज और उत्पीड़न के लिए किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को फर्जी सीबीआई अधिकारियों के पास ट्रांसफर किया। अलग-अलग लोगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तार करने की धमकी दी। ठगों ने भरोसा जीतने के लिए फर्जी कोर्ट ऑर्डर, अरेस्ट वारंट और सरकारी लेटरहेड तक व्हाट्सऐप पर भेजे। रिपोर्ट के मुताबिक ठगों ने पीड़ित को यह कहकर डिजिटल अरेस्ट किया कि वह जांच के दायरे में हैं और कहीं बाहर संपर्क नहीं कर सकते। उन्हें एक मैसेजिंग ऐप डाउनलोड कराकर हर दो घंटे में मैं सुरक्षित हूं जैसी रिपोर्ट भेजने को कहा। इस दौरान उन्हें बार-बार डराया गया और सहयोग न करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी गई। ठगों ने पीड़ित से उनकी बैंक डिटेल, निवेश और बचत की पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद फंड वेरिफिकेशन के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया।

रिपोर्ट के मुताबिक 6 मार्च से 12 मार्च के बीच पीड़ित ने चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1.05 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। 15 मार्च को पीड़ित के बेटे ने उनका मोबाइल चेक किया, तब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय नौसेना ने तैयार किया अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को मिल रही पूरी सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति पर मंडराते खतरों को देखकर भारतीय नौसेना ने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच तैयार कर लिया है। इस रणनीतिक मिशन के तहत, नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो विशेष टास्क फोर्स तैनात की हैं, जो भारत आने वाले कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को संवेदनशील मार्गों से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए निरंतर एस्कॉर्ट प्रदान कर रही हैं। यह अभियान न केवल व्यापारिक जहाजों को संभावित हमलों या अवरोधों से बचाता है, बल्कि वैश्विक शिपिंग गलियारों में अनिश्चितता के बीच भारत की एनर्जी लाइफलाइन को बनाए रखता है। 2019 से इस क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति रख रही भारतीय नौसेना की यह त्वरित तैनाती भारत के उस कड़े संकल्प को दिखाती है, जहाँ वह अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी बाहरी दबाव या आपूर्ति में होने वाली रुकावट से सुरक्षित रखने के लिए हर स्तर पर तैयार है।

नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो टास्क फोर्स तैनात की हैं, ताकि भारत आने वाले व्यापारिक जहाजों और टैंकरों का सुरक्षित आवागम मिल सके। सुरक्षा अभियान पिछले सप्ताह शुरू हुए थे, जिसमें नौसैनिक जहाज संवेदनशील हिस्सों से गुजरते समय जहाजों के साथ चलते हैं और फिर उन्हें भारतीय बंदरगाहों की ओर निर्देशित करते हैं। नौसेना वाणिज्यिक शिपिंग को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास बढ़ते जोखिमों के बीच आपूर्ति में किसी भी रुकावट को रोकना है।

यह तैनाती भारत की ऊर्जा जीवनरेखाओं को सुरक्षित करने के प्रयास का हिस्सा है, क्योंकि देश के कच्चे तेल और गैस आयात का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान मिशन व्यापक समुद्री सुरक्षा ग्रिड का हिस्सा है, इस प्रमुख समुद्री मार्गों की रक्षा करने और ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल पारगमन बिंदुओं में से एक बना हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में कोई भी अस्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए प्रत्यक्ष चिंता का विषय बन जाती है।

बात दें कि नौसेना 2019 से समुद्री डकैती विरोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के हिस्से के रूप में, ओमान की खाड़ी और अदन की खाड़ी सहित आस-पास के जलक्षेत्रों में अपनी निरंतर उपस्थिति बनाए हुए है। यह नवीनतम तैनाती उन प्रयासों को आगे बढ़ाती है, और बढ़ते तनाव के बीच



नौसेना की परिचालन पहुंच का विस्तार करती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**